क्रम-संख्या–171

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी० / एल०–
डब्लू० / एन०पी०–91 / 2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (ख)

(परिनियत आदेश)

लखनऊ, शुक्रवार, 15 मई, 2026
बैशाख 25, 1948 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन
संस्कृति अनुभाग
————————
संख्या 1384 / चार-2026
लखनऊ, 15 मई, 2026
————————

अधिसूचना

प0आ0–266

भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय अधिनियम, 2022 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 2 सन् 2022) की धारा 48 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय हेतु निम्नलिखित प्रथम अध्यादेश बनाते हैं:–

भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय प्रथम अध्यादेश, 2026

अध्यादेश संख्या–1

भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों / विश्वविद्यालयों शिक्षण विभाग (यू0टी0डी0) में छात्रसंघ का संविधान राज्य सरकार के नियमों और यू0जी0सी0 मार्गदर्शक सिद्धान्तों के अनुसार होगा।

अध्यादेश संख्या–2

महाविद्यालयों में छात्रों का प्रवेश

1–महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन करते समय छात्र अपने साथ संस्था–प्रमुख द्वारा हस्ताक्षरित विद्यालय छोड़ने का प्रमाण-पत्र या महाविद्यालय छोड़ने का प्रमाण-पत्र, जिसमें, उसने अंतिम बार अध्ययन किया हो, परन्तु यह कि छात्र जिसने अभ्यर्थी के रूप में अपनी अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण की हो, ऐसे प्रमाण-पत्र के स्थान पर उस महाविद्यालय के प्राचार्य को, जिसमें अपना अध्ययन आगे करना चाहता हो, सदाचरण का प्रमाण प्रस्तुत करेगा। परन्तु यह और कि छात्र, जिसने अंतिम बार किसी अन्य विश्वविद्यालय या बोर्ड से सम्बद्ध किसी संस्था में अध्ययन किया हो, ऐसी संस्था प्रमुख द्वारा निर्गत संस्था के छोड़ने के प्रमाण-पत्र के अतिरिक्त उस विश्वविद्यालय के कुलसचिव या बोर्ड के सचिव द्वारा निर्गत प्रव्रजन–प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेगा और यदि विश्वविद्यालय है, तो आव्रजन फीस का संदाय करेगा:

परन्तु यह भी कि छात्र या छात्र वर्ग को द्वितीय परन्तुक में उल्लिखित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने या आव्रजन–फीस का संदाय करने से छूट कार्यपरिषद् द्वारा दी जाएगी। परन्तु यह भी कि महाविद्यालयों में प्रवेश की अनुमति किसी भी परिस्थिति में विहित दिनांक के पश्चात् तब तक नहीं दी जाएगी, जब तक विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य को छात्र को महाविद्यालय में प्रवेश देने के लिए अनुमति नहीं दी जाए। महाविद्यालयों के प्राचार्य उक्त दिनांक से एक सप्ताह के भीतर सत्र के लिए महाविद्यालय में प्रविष्ट समस्त छात्रों की पूर्ण सूची विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे।

2–प्राचार्य द्वारा स्वीकृत हो जाने और विहित महाविद्यालय फीस का संदाय कर दिये जाने के पश्चात् यथाशीघ्र छात्र को महाविद्यालय के सदस्य के रूप में नामांकित कर दिया जाएगा।

3–(1) किसी भी छात्र को विहित प्रपत्र में महाविद्यालय छोड़ने या स्थानांतरण–प्रमाण-पत्र के बिना एक महाविद्यालय से अन्य महाविद्यालय में प्रवजित होने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(2) किसी भी छात्र, जो –

(एक) विश्वविद्यालय में एक महाविद्यालय से दूसरे महाविद्यालय में; और

(दो) विश्वविद्यालय में एक महाविद्यालय से विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में या विपरीत क्रम से स्थानान्तरित हो रहा है, से उसे एक माह की अध्यापन फीस का संदाय नहीं अपेक्षित होगा, जिस माह हेतु अध्यापन फीस पहले ही उस महाविद्यालय या विभाग में संदाय कर चुका है, जहाँ से वह स्थानांतरित हुआ है।

यदि किसी शैक्षणिक वर्ष में छात्र उस महाविद्यालय को छोड़ना चाहता है, जिसका वह सदस्य रह चुका है और अन्य महाविद्यालय से जुड़ना चाहता है, तो वह,–

(एक) छोड़ने के आशय की सूचना देगा;

(दो) उस दिनांक तक की देय समस्त महाविद्यालय फीस का संदाय करेगा; और

(तीन) यदि महाविद्यालय द्वारा ऐसा करना अपेक्षित हो, तो महाविद्यालय–निधि से जितनी भी छात्रवृत्ति या वजीफा संदल हुआ है, का प्रतिदाय करेगा।

4–जब छात्र ने इस अध्यादेश के पैरा-3 में अपेक्षित समस्त संदाय कर दिए हों, तो प्राचार्य विहित प्रपत्र में स्थानांतरण–प्रमाण-पत्र प्रदान करेंगे।

5–(1) जब कोई छात्र गंभीर दुराचरण या सतत निष्क्रियता का दोषी पाया जाता है, तो महाविद्यालय का प्राचार्य, जहाँ ऐसा छात्र अध्ययन कर रहा है, उसके अभिभावक को सूचित करने के पश्चात् और अपराध की प्रकृति और गंभीरता के अनुसार,–

(क) निष्कासित कर सकेगा;

(ख) अस्थायी रूप से निष्कासित कर सकेगा; अथवा

(ग) ऐसे छात्र को आगामी विश्वविद्यालयीन परीक्षा में अभ्यर्थी के रूप में निर्हित कर सकेगा।

(2) इस प्रकार निष्कासित किसी भी छात्र को अन्य महाविद्यालय में उस महाविद्यालय जहां से छात्र निष्कासित किया गया है, के प्राचार्य की अनुमति के बिना प्रवेश नहीं दिया जाएगा और अस्थायी रूप से निष्कासित किए गए किसी भी छात्र को अन्य महाविद्यालय में उसकी अस्थायी निष्कासन अवधि के भीतर प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

6–यदि कोई विदेशी छात्र किसी भी विश्वविद्यालयीन परीक्षा में अनुत्तीर्ण होता है, तो संस्थागत प्रवेश की अनुज्ञा उस पाठ्यक्रम में निकटस्थ शैक्षणिक सत्र में केवल एक बार दी जाएगी।

अध्यादेश संख्या–3

विश्वविद्यालय की परीक्षाएँ

विश्वविद्यालय निम्नलिखित परीक्षाएँ आयोजित करेगा, नामशः–

7–गायन संगीत, वाद्य/तालवाद्य संगीत (ऐसी शाखाओं में, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर विनिश्चय किया जाय), नृत्य में चार वर्षीय उपाधि पाठ्यक्रम बी0पी0ए0 परीक्षा के लिए प्रथम सेमेस्टर परीक्षा।

8–गायन संगीत, वाद्य/तालवाद्य संगीत (ऐसी शाखाओं में, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर विनिश्चय किया जाय), नृत्य में चारवर्षीय उपाधि पाठ्यक्रम बी0पी0ए0 परीक्षा के लिए द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा।

9–गायन संगीत, वाद्य/तालवाद्य संगीत (ऐसी शाखाओं में, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर विनिश्चय किया जाय), नृत्य में चार वर्षीय उपाधि पाठ्यक्रम बी0पी0ए0 परीक्षा के लिए तृतीय सेमेस्टर परीक्षा।

10–गायन संगीत, वाद्य/तालवाद्य संगीत (ऐसी शाखाओं में, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर विनिश्चय किया जाय), नृत्य में चारवर्षीय उपाधि पाठ्यक्रम बी0पी0ए0 परीक्षा के लिए चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा ।

11—गायन संगीत, वाद्य/तालवाद्य संगीत (ऐसी शाखाओं में, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय—समय पर विनिश्चय किया जाय), नृत्य में चार वर्षीय उपाधि पाठ्यक्रम बी0पी0ए0 परीक्षा के लिए पंचम सेमेस्टर परीक्षा।

12—गायन संगीत, वाद्य/तालवाद्य संगीत (ऐसी शाखाओं में, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर विनिश्चय किया जाय), नृत्य में चार वर्षीय उपाधि पाठ्यक्रम बी0पी0ए0 परीक्षा के लिए षष्ठ सेमेस्टर परीक्षा।

13—गायन संगीत, वाद्य/तालवाद्य संगीत (ऐसी शाखाओं में, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर विनिश्चय किया जाय), नृत्य में चारवर्षीय उपाधि पाठ्यक्रम बी0पी0ए0 परीक्षा के लिए सप्तम सेमेस्टर परीक्षा ।

14—गायन संगीत, वाद्य/तालवाद्य संगीत (ऐसी शाखाओं में, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर विनिश्चय किया जाय), नृत्य में चारवर्षीय उपाधि पाठ्यक्रम बी0पी0ए0 परीक्षा के लिए अष्टम सेमेस्टर परीक्षा।

15—बी0वी0ए0 चित्रकला की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा।

16—बी0वी0ए0 चित्रकला की द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा।

17—बी0वी0ए0 चित्रकला की तृतीय सेमेस्टर परीक्षा।

18—बी0वी0ए0 चित्रकला की चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा।

19—बी0वी0ए0 चित्रकला की पंचम सेमेस्टर परीक्षा।

20—बी0वी0ए0 चित्रकला की षष्ठ सेमेस्टर परीक्षा।

21—बी0वी0ए0 चित्रकला की सप्तम सेमेस्टर परीक्षा।

22—बी0वी0ए0 चित्रकला की अष्टम सेमेस्टर परीक्षा।

23—गायन संगीत, वाद्य/तालवाद्य संगीत (ऐसी शाखाओं में, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर विनिश्चय किया जाय) एवं नृत्य में स्नातकोत्तर उपाधि (एम0पी0ए0) की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा।

24—गायन संगीत, वाद्य/तालवाद्य संगीत (ऐसी शाखाओं में, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर विनिश्चय किया जाय) एवं नृत्य में स्नातकोत्तर उपाधि (एम0पी0ए0) की द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा ।

25—गायन संगीत, वाद्य/तालवाद्य संगीत (ऐसी शाखाओं में, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर विनिश्चय किया जाय) एवं नृत्य में स्नातकोत्तर उपाधि (एम0पी0ए0) की तृतीय सेमेस्टर परीक्षा।

26—गायन संगीत, वाद्य/तालवाद्य संगीत (ऐसी शाखाओं में, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर विनिश्चय किया जाय) एवं नृत्य में स्नातकोत्तर उपाधि (एम0पी0ए0) की चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा।

27—नाट्यकला में स्नातकोत्तर की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा।

28—नाट्यकला में स्नातकोत्तर की द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा।

29—नाट्यकला में स्नातकोत्तर की तृतीय सेमेस्टर परीक्षा।

30—नाट्यकला में स्नातकोत्तर की चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा ।

31—कला—स्नातक (बी0ए0) की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा।

32—कला—स्नातक (बी0ए0) की द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा।

33—कला—स्नातक (बी0ए0) की तृतीय सेमेस्टर परीक्षा।

34—कला—स्नातक (बी0ए0) की चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा।

35—कला—स्नातक (बी0ए0) की पंचम सेमेस्टर परीक्षा।

36—कला—स्नातक (बी0ए0) की षष्ठ सेमेस्टर परीक्षा।

37—कला—स्नातक (बी0ए0) की सप्तम सेमेस्टर परीक्षा।

38—कला—स्नातक (बी0ए0) की अष्टम सेमेस्टर परीक्षा।

39—गायन संगीत, वाद्य/तालवाद्य संगीत (ऐसी शाखाओं में, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर विनिश्चय किया जाय) एवं नृत्य में प्रवेशिका की भाग—एक परीक्षा।

40—गायन संगीत, वाद्य/तालवाद्य संगीत (ऐसी शाखाओं में, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर विनिश्चय किया जाय) एवं नृत्य में प्रवेशिका की भाग— दो परीक्षा।

41—गायन संगीत, वाद्य/तालवाद्य संगीत (ऐसी शाखाओं में, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर विनिश्चय किया जाय) एवं नृत्य में परिचय की भाग—एक परीक्षा।

42–गायन संगीत, वाद्य/तालवाद्य संगीत (ऐसी शाखाओं में, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर विनिश्चय किया जाय) एवं नृत्य में परिचय की भाग– दो परीक्षा।

43–गायन संगीत, वाद्य/तालवाद्य संगीत (ऐसी शाखाओं में, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर विनिश्चय किया जाय) एवं नृत्य में प्रबुद्ध की भाग– एक परीक्षा।

44–गायन संगीत, वाद्य/तालवाद्य संगीत (ऐसी शाखाओं में, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर विनिश्चय किया जाय) एवं नृत्य में प्रबुद्ध की भाग– दो परीक्षा।

45–गायन संगीत, वाद्य/तालवाद्य संगीत (ऐसी शाखाओं में, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर विनिश्चय किया जाय) एवं नृत्य में पारंगत की भाग–एक परीक्षा।

46–गायन संगीत, वाद्य/तालवाद्य संगीत (ऐसी शाखाओं में, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर विनिश्चय किया जाय) एवं नृत्य में पारंगत की भाग–दो परीक्षा।

47–एकवर्षीय डिप्लोमा की भाग–एक परीक्षा।

48–द्विवर्षीय डिप्लोमा की भाग–दो परीक्षा।

49–द्विवर्षीय डिप्लोमा की भाग–तीन परीक्षा।

अध्यादेश संख्या–4

छात्रों का आवास

50–विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों में अध्ययनरत समस्त छात्र, यदि वे अपने माता–पिता अथवा अभिभावक के साथ नहीं रहते, तो विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षति छात्रावास, यदि कोई हो, में ही निवास करेंगे।

51–प्रत्येक छात्रावास में आवास और ठहरने की व्यवस्था होगी और भोजनालय प्रभार के अतिरिक्त ऐसी फीस प्रभारित की जाएगी, जो कार्यपरिषद् द्वारा समय–समय पर विहित की जाय।

52–छात्रावासों में रहने वाले समस्त छात्र छात्रावास के भोजनालय से जुड़ेंगे। भोजनालय प्रभार प्रति माह अग्रिम रूप से संदेय होगा।

53–छात्रावासों के समस्त निवासी कुलसचिव के अनुमोदन से वॉर्डन द्वारा निर्मित छात्रावास–नियमों के अध्यधीन होंगे।

अध्यादेश संख्या–5

अध्यापकों की मान्यता

54–विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित न किए गए महाविद्यालय का प्रमुख अपनी ओर से अथवा ऐसे महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य की ओर से कार्यपरिषद् को आचार्य या सह-आचार्य के रूप में स्वयं को या सदस्य को मान्यता प्रदान करने के लिए आवेदन कर सकेगा, यदि वह–

(क) स्नातकोत्तर कक्षाओं को शिक्षा देने के लिए अर्हक अध्यापक हेतु यथावश्यक विद्या–परिषद् द्वारा निर्धारित ऐसी अर्हताएँ रखता हो;

(ख) विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षति न किए गए महाविद्यालयों के आचार्य और सह-आचार्य के लिए क्रमानुसार विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित वेतनमान के अनुसार वेतन पाता हो या संदत्त किया जाना हो।

55–ऐसा आवेदन प्राप्त होने पर कार्य परिषद् परिनियम के अध्याय नौ भाग–दो के अधीन गठित चयन समिति को उसे अग्रेषित करेगी।

56–परिनियम में निर्दिष्ट समिति यथाशीघ्र आवेदन पर विचार करेगी और अपनी संस्तुतियों के साथ कार्य परिषद् को वापस करेगी।

57–कार्य परिषद् उपखंड (3) में निर्दिष्ट समिति की सलाह के निबंधन में उस पर आदेश जारी करेगी।

58–संघटक महाविद्यालय के अन्य समस्त अध्यापक, जिन्हें आचार्य या सह–आचार्य के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है, विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य समझे जाएंगे।

(एक) आचार्य, सह–आचार्य और सहायक आचार्य की वरिष्ठता परिनियम के अनुसार अवधारित की जाएगी।

(दो) यदि उपखंड 5 और 6 के उपबंधों को लागू करने के पश्चात् दो या अधिक आचार्य, सह–आचार्य या सहायक आचार्य की सेवावधि समान पाई जाती है, तो उनकी वरिष्ठता उनकी आयु से अवधारित की जाएगी।

अध्यादेश संख्या–6

सामान्य परीक्षा

59–किसी विषय जिसमें विश्वविद्यालय परीक्षा संचालित करता है, से सम्बंधित विहित या संस्तुति कराया जाने वाला पाठ्यक्रम एवं पाठ्य–पुस्तकें, यदि कोई हों का अवधारण अध्ययन–विभाग की संस्तुतियों पर विचार करने के पश्चात् विद्या परिषद् द्वारा समय–समय पर किया जाएगा।

60–समस्त परीक्षाएँ लखनऊ और ऐसे अन्य स्थान या स्थानों में संचालित की जाएंगी, जैसा कि विद्या परिषद् द्वारा विनिश्चय किया जाय।

61–विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों से सम्बंधित समस्त मान्यता प्राप्त अध्यापन विश्वविद्यालय के अध्यापकों द्वारा विद्या परिषद् द्वारा निर्मित योजना के अनुसार संचालित किया जाएगा।

62–सामान्यतः प्रायोगिक और मौखिक के अतिरिक्त समस्त परीक्षाएं मुद्रित या साइक्लोस्टाइल प्रश्न-पत्रों के माध्यम से संचालित की जाएगी जिनका उत्तर अंग्रेजी में या हिंदी में, अथवा जैसी विद्या परिषद् द्वारा अनुज्ञा की जाय, दिया जाएगा। उन्हें परीक्षकों को उसी दिनांक और समय पर समस्त परीक्षा केंद्रों में दिया जाएगा।

63–समस्त परीक्षाओं में प्रवेश के इच्छुक छात्र अपनी परीक्षा के लिए स्वयं द्वारा चयनित माध्यम से अपना पाठ्यक्रम अध्ययन संपन्न करेंगे।

64–परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए परीक्षार्थी को परीक्षा–अध्यादेश में उल्लिखित न्यूनतम अंक प्रतिशत से अन्यून अंक पाना होगा।

65–परिणामों के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से महीने के भीतर परीक्षार्थी आवश्यक फीस के साथ उत्तर पुस्तिकाओं की संवीक्षा के लिए आवेदन कर सकेंगे, यदि वे अपने परिणामों से संतुष्ट नहीं है।

उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा।

संवीक्षा के दौरान परिणाम में पाए गए किसी भी परिवर्तन को प्रकाशित किया जाएगा और समस्त प्रयोजनों के लिए अंतिम होगा।

(क) परिणामों की संवीक्षा–

(एक) कोई भी अभ्यर्थी, जो विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पारंगत, स्नातक और स्नातकोत्तर परीक्षा में सम्मिलित हुआ है, किसी भी पाठ्यक्रम की दो लिखित उत्तर पुस्तिकाओं में से किसी में भी अपने अंकों की संवीक्षा के लिए और अपने परिणाम की पुनः जांच के लिए कुलसचिव को आवेदन कर सकेगा। आवेदन कुलसचिव को विश्वविद्यालय द्वारा अंकसूची के प्रेषण के पश्चात् 30 दिनों के भीतर अवश्य पहुँच जाना चाहिए।

(दो) पुनर्गणना के लिए आवेदन के साथ मूल अंकसूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(तीन) पुनर्गणना के संबंध में ऐसे विषय की परीक्षा जिसमें केवल एक प्रश्न-पत्र हो, को एक विषय माना जाएगा।

(चार) पुनर्गणना का परिणाम अभ्यर्थी को आवेदन के दिनांक से तीन माह के भीतर सूचित किया जाएगा।

(पांच) अभ्यर्थी फीस के प्रतिदाय का हकदार नहीं होगा।

(छः) संवीक्षा का परिणाम अभ्यर्थी को संसूचित किया जाएगा।

(सात) परीक्षण प्रपत्र (आवेदन) प्रस्तुत करने की अनुमति परीक्षा–परिणाम की घोषणा के पश्चात् 15 दिनों के भीतर बिना विलंब–फीस दी जाएगी।

(आठ) ऐसा आवेदन प्राप्त होने पर कुलपति आवेदक की उत्तर पुस्तिकाओं में यथा अभिलिखित अंकों की संवीक्षा किसी एक सारणीयक द्वारा करवाएंगे।

(नौ) यदि संवीक्षा के फलस्वरूप यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाना चाहिए अथवा उच्च श्रेणी में रखा जाना चाहिये तद्नुसार अभ्यर्थी का परिणाम पुनरीक्षित किया जाएगा।

(दस) यदि बी0वी0ए0 और एम0वी0ए0 का छात्र पुनर्गणना के कारण परीक्षा में उत्तीर्ण/अर्हति होता है, उसे संस्थागत छात्र के रूप में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि के पश्चात् एक माह की अवधि प्रदान की जाएगी, ताकि वह यू0टी0डी0 में प्रवेश ले सके।

(ख) उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन–

(एक) कोई भी अभ्यर्थी जो विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पारंगत, स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा में सम्मिलित हुआ है, कुलसचिव को दो उत्तर पुस्तकिाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकेगा।

(दो) ऐसा आवेदन कुलसचिव को परीक्षा परिणाम के प्रकाशन से 40 दिनों के भीतर या विश्वविद्यालय द्वारा अंकसूची–प्रेषण के पश्चात् 15 दिनों के भीतर (जो भी पहले हो) अवश्य पहुँच जाना चाहिए ।

(तीन) पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन के साथ मूल अंक सूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(चार) प्रायोगिक परीक्षा, सत्रीय कार्य, वार्षिक कार्य एवं शोध–प्रबंध के पुनर्मूल्यांकन का कोई उपबंध नहीं है।

(पांच) पुनर्मूल्यांकन के संबंध में, ऐसे विषय की परीक्षा, जिसमें केवल एक प्रश्नपत्र हो, एक विषय माना जाएगा।

(छः) पुनर्मूल्यांकन का परिणाम अभ्यर्थी को आवेदन के दिनांक से महीने भर के भीतर सूचित किया जाएगा।

(सात) अभ्यर्थी फीस के प्रतिदाय का हकदार नहीं होगा।

(आठ) जब कोई अभ्यर्थी पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करता है, कुलपति द्वारा प्रश्नगत उत्तरपुस्तिका को दो वाह्य परीक्षकों के पास मूल्यांकन के लिए भेजा जाएगा, जो मूल मूल्यांकन से सुभिन्न होंगे। इनमें से प्रत्येक परीक्षक प्रश्न-पत्र निर्माता द्वारा परीक्षक को दिए गए अनुदेशों की प्रति के साथ उसी परीक्षक द्वारा पूर्व में मूल्यांकित पाँच उत्तर पुस्तिकाओं का एक सेट प्राप्त करेगा। यह सामग्री परीक्षकों को प्रारंभिक परीक्षक और दिए गए अनुदेशों द्वारा स्थापित मानदंडों के अनुरूप उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन में सहायता के लिए दी जाती है। यदि पाँच से कम अभ्यर्थी विनिर्दिष्ट प्रश्न-पत्र की परीक्षा में सम्मिलित हो, ऐसी स्थिति में समस्त अभ्यर्थियों की उत्तरपुस्तिकाएँ प्रत्येक परीक्षक को भेजी जाएंगी। उत्तरपुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन का पारिश्रमिक विश्वविद्यालय द्वारा अवधारित किया जाएगा और समयानुसार परिवर्तित हो सकता है।

(नौ) ऐसी स्थिति में, जब दो अतिरिक्त परीक्षकों में से किसी एक द्वारा समनुदेशति अंकों में मूल परीक्षक द्वारा दिए गए अंकों से प्रश्न-पत्र के लिए अधिकतम प्राप्त किए जा सकने वाले अंकों के 10 प्रतिशत से अधिक का अंतर हो, तब समस्त तीन परीक्षकों–मूल परीक्षक एवं दो पुनर्मूल्यांककों द्वारा दिए गए अंकों के औसत को सही मूल्यांकन माना जाएगा। यह परिणाम पुर्नमूल्यांकन इस शर्त पर समाश्रति होगा कि मूल अंकों से न्यूनतम एक विसंगति प्रश्न-पत्र हेतु अधिकतम अंकों का 10 प्रतिशत से अधिक हो। जहाँ तीन परीक्षकों द्वारा समनुदेशति अंकों में से दो विसंगतियां समान हों, वहाँ टाई होगी, परीक्षार्थी के लिए अधिक अनुकूल दो अंकों का प्रयोग सही मूल्यांकन के अवधारण में किया जाएगा।

(दस) परीक्षण प्रपत्र (आवेदन) प्रस्तुत करने की अनुमति परीक्षा–परिणामों की घोषणा के पश्चात् 15 दिनों के भीतर बिना विलंब–फीस के दी जाएगी।

(ग्यारह) कुलसचिव द्वारा हस्ताक्षरित विहित प्रपत्र में प्रमाण–पत्र उपाधि पाठ्यक्रम परीक्षा से भिन्न परीक्षा में प्रत्येक सफल परीक्षार्थी को दिया जाएगा।

(क) (एक) उपाधि के लिए अंतिम परीक्षा में सफल प्रत्येक परीक्षार्थी ऐसी शर्तों पर उस उपाधि की ग्राह्यता का हकदार होगा, जैसा कि कार्यपरिषद् विहित करे।

(दो) उपाधि प्राप्त प्रत्येक अभ्यर्थी उपाधि का प्रमाण–पत्र विद्या परिषद् द्वारा विहित प्रपत्र में प्राप्त करेगा। उपाधि का प्रत्येक प्रमाण–पत्र कुलपति द्वारा हस्ताक्षरित एवं विश्वविद्यालय की मुहर से मुद्रांकित होगा।

(ख) (एक) सामान्यतः परीक्षा प्रारंभ होने के दो माह से अन्यून पूर्व कुलसचिव परीक्षा प्रारंभ होने का दिनांक प्रकाशित करेगा। संस्थागत अभ्यर्थियों के संबंध में फीस समेत परीक्षा आवेदन प्रपत्र (फॉर्म) की प्राप्ति का अंतिम दिनांक विश्वविद्यालय द्वारा यथाविहित होगा।

(दो) परीक्षाओं में प्रवेश के लिए समस्त आवेदन विद्या परिषद् द्वारा विहित प्रपत्रों में किए जाएंगे।

(ग) परीक्षा–प्रपत्र (फॉर्म) सम्बंधित परीक्षा– दिनांक प्रारंभ होने से 45 दिन पूर्व विलम्ब फीस सहित, जैसा कि कुलपति की विशेष अनुज्ञा से संस्थागत अभ्यर्थी (अभ्यर्थियों) हेतु समय–समय पर विद्या परिषद्/कार्य परिषद् अनुमोदित की जाय, स्वीकार किया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थियों को कुलपति द्वारा विशेष अनुज्ञा प्रदान किये जाने के पश्चात् विशेष परीक्षा फीस देनी होगी।

(घ) डॉक्टरेट उपाधि के अभ्यर्थियों के लिए इस अध्यादेश का कोई नियम लागू नहीं होगा।

(ङ) जब तक विषय या संदर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो, परीक्षा से सम्बंधित अध्यादेशों में,–

(एक) ''आवेदक'' का तात्पर्य व्यक्ति से है, जिसने विश्वविद्यालय को विद्या परिषद् द्वारा विहित प्रपत्र में किसी परीक्षा में प्रवेश हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

(दो) ''अभ्यर्थी'' का तात्पर्य व्यक्ति से है, जिसे विश्वविद्यालय द्वारा किसी परीक्षा में प्रवेश दिया गया है।

(तीन) ''परीक्षार्थी'' का तात्पर्य अभ्यर्थी से है, जो उस परीक्षा में स्वयं उपस्थति होता है, जिसके लिए उसे प्रवेश दिया गया है।

अध्यादेश संख्या–7

परीक्षा–संचालन

परीक्षा का दिनांक

66–विश्वविद्यालय की समस्त परीक्षाओं का दिनांक विद्या परिषद् द्वारा उन परीक्षाओं से सम्बंधित अध्यादेश के अनुसार निश्चित किया जाएगा ।

परीक्षक की नियुक्ति

67–(1) विश्वविद्यालय की विभिन्न परीक्षाओं के परीक्षकों की नियुक्ति परिनियमावली में दिए गए उपबंधों के अनुसार की जाएगी।

(2) विद्या परिषद् द्वारा दो अन्य व्यक्तियों की नियुक्ति विश्वविद्यालय के आचार्यों, सह–आचार्यों एवं वरिष्ठतम अध्यापकों में से की जाएगी, जिनकी नियुक्ति–अवधि तीन वर्ष होगीः

परन्तु यह कि,

यदि कुलपति की राय में, जहां तुरन्त कार्यवाही करना आवश्यक हो, परीक्षकों की नियुक्ति कुलपति द्वारा की जा सकेगी।

68–(1) इस निमित्त समिति विद्या परिषद् द्वारा अनुमोदित व्यक्तियों में से परीक्षकों की नियुक्ति की अनुशंसा करेगी।

(2) कुलपति की अनुपस्थिति में, वरिष्ठ अधिष्ठाता समिति की बैठक की अध्यक्षता करेगा।

अनुसीमन समिति

69–प्रत्येक अध्ययन विभाग में विषय–विशेष या विषयों के लिए परीक्षा–प्रश्न-पत्रों के अनुसीमन हेतु एक समिति होगी, जिसमें निम्नांकित व्यक्ति होंगे, नामशः–

(एक) अध्ययन– विभाग का प्रमुख;

(दो) विभागाध्यक्ष से भिन्न विद्या परिषद द्वारा नियुक्त विभाग का वरिष्ठ अध्यापक;

(तीन) संकायाध्यक्ष (अध्यक्ष);

(चार) विश्वविद्यालय के अध्यापकों में से कुलपति द्वारा नियुक्त एक सदस्य।

परीक्षाओं का संचालन

70–(एक) विद्या परिषद् प्रत्येक परीक्षा केंद्र के लिए प्रभारी अधकिारी नियुक्त करेगी और उनके मार्गदर्शन के लिए अनुदेश जारी करेगी।

(दो) प्रश्न-पत्रों की प्रतियाँ उस समय मुद्रित या साइक्लोस्टाइल की जाएंगी, जैसा कि कुलपति के अनुमोदन से कुलसचिव द्वारा प्रत्येक मामले में अवधारित किया जाय।

(तीन) कुलसचिव प्रत्येक परीक्षा प्रारंभ होने के न्यूनतम एक पखवाड़ा पहले प्रत्येक केन्द्र प्रभारी को निम्नांकित पत्र अग्रेषित करेगा –

(क) केंद्र में प्रत्येक विषय में अभ्यर्थियों की संख्या दर्शाने वाली संख्यावार सूची;

(ख) परीक्षाओं का कार्यक्रम;

(ग) विशष्टि परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों की नामावली सूची;

(घ) सम्बंधित विषय में परीक्षकों के नाम दर्शाने वाला विवरण;

(ड.) परीक्षा के समुचित संचालन के लिए यथापेक्षित ऐसे अन्य प्रपत्र।

(चार)(क) प्रत्येक केंद्र का प्रभारी अधिकारी परीक्षा के लिखित भाग से सम्बंधित समस्त उत्तरपुस्तिकाएँ विश्वविद्यालय के कुलसचिव के पास अग्रेषति करेगा, जो विभिन्न परीक्षा केंद्रों से प्राप्त प्रत्येक लिखित प्रश्न-पत्र की समस्त उत्तरपुस्तिकाओं को सम्बंधित परीक्षक के पास अग्रेषित करेगा।

(ख) समस्त उत्तरपुस्तिकाएं कुलसचिव द्वारा प्रदत्त विश्वविद्यालय की मुहर से परीक्षा–प्रभारी अधिकारी द्वारा मुद्रांकित की जाएंगी।

(पांच) कार्यपरिषद् परीक्षकों के मार्गदर्शन हेतु विद्यापरिषद् द्वारा इस निमित्त अनुमोदित ऐसे सामान्य अनुदेश, जो उनके कर्तव्यों के समुचित निर्वहन के लिए आवश्यक समझे, जारी करेगी और परीक्षार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों को अभिलिखित करने के लिए उपयुक्त प्रपत्र विहित करेगी।

(छः) इस निमित्त विद्या परिषद् द्वारा निर्मित किन्हीं विशेष निदेशों के अध्यधीन कुलसचिव विश्वविद्यालय की समस्त परीक्षाओं के संचालन से सम्बंधित व्यवस्थाओं के लिए उत्तरदायी होगा।

(सात) समस्त केंद्रों में विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति निम्नलिखित व्यक्तियों में से वरीयता क्रम में जिनमें उनका नाम है, की जाएगी,–

(क) महाविद्यालयों के शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशकों सहित आचार्य एवं अध्यापक।

(ख) विश्वविद्यालय या महाविद्यालय के तकनीकी कर्मचारी।

(आठ) कुलपति प्रत्येक केंद्र के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक या केंद्र अधीक्षक नियुक्त करेगा। केंद्र अधीक्षक और पर्यवेक्षक को विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर यथा विनिश्चित फीस संदेय होगी।

परिणाम की तैयारी

71–(एक) परीक्षा परिणामों को तैयार करने के लिए तथा कार्य परिषद को प्रकाशन के लिए रिपोर्ट करने हेतु तीन सदस्यों वाली एक विशेष परीक्षा समिति विद्या परिषद् द्वारा प्रति वर्ष नियुक्त की जाएगी। इस समिति का अध्यक्ष परीक्षा नियंत्रक होगा।

(दो) विशेष परीक्षा समिति विद्या परिषद् को उस वर्ष की परीक्षाओं के लिए सारणीयक नियुक्त किए जाने हेतु उपयुक्त व्यक्तियों के नामों की अनुशंसा करेगी और विद्या परिषद् विशेष परीक्षा–समिति की अनुशंसाओं पर विचार करने के पश्चात् उसे कार्यपरिषद् को अग्रेषित करेगी। ऐसी अनुशंसाओं पर विचार करने के पश्चात् परीक्षा परिणाम सारणीबद्ध करने के लिए दो सारणीयक या सारणीयकों के दो समुच्चय और एक संवीक्षक की नियुक्ति करेगी ।

(तीन) कार्यपरिषद् विश्वविद्यालय के कुलसचिव को जांचकर्ता के रूप में नियुक्त करेगी।

(चार) परीक्षक द्वारा सारणीयकों को तथा कुलसचिव को भेजे गए अंकों में कोई फर्क हो, तो उसे विशेष परीक्षा समिति को ऐसी कार्यवाही के लिए रिपोर्ट किया जाएगा, जो उचित प्रतीत हो ।

(पांच) कुलसचिव सारणीयकों को प्रत्येक परीक्षा की समाप्ति के पूर्व उससे सम्बंधित समस्त आवश्यक पत्र अग्रेषित करेगा, उदाहरणार्थ – परीक्षकों के नाम, परीक्षार्थियों की नामावली सूची, अंकों के अभिलेखन के प्रपत्र, अंतिम दिनांक जिसको परीक्षक से अपने परीक्षण प्रेषति करना अपेक्षित हो, का विवरण। सारणीयक कर्तव्य–निर्वाह के दौरान प्राप्त संसूचना को सर्वथा गोपनीय रखेंगे।

(छः) सारणीयक परीक्षकों से सीधे अंक प्राप्त करेंगे और कार्य परिषद् द्वारा विहित दिनांक को या उससे पूर्व कुलसचिव को विशेष परीक्षा समिति के निर्देशों के अनुरूप तैयार परिणामों को भेजेंगे।

(सात) कुलसचिव परिणामों की जाँच करने के पश्चात, उन्हें विशेष परीक्षा–समिति के समक्ष रखेगा, जो उनकी संवीक्षा करने के लिए बैठक करेगी और परिणाम तैयार करेगी।

(आठ) किसी अभ्यर्थी द्वारा या उसके निमित्त उसकी परीक्षा के मामले में अधिमानी उपचार पाने के लिए किया गया प्रयत्न कुलसचिव को रिपोर्ट किया जाएगा, जो इस मामले को कार्यपरिषद् के समक्ष रखेगा।

(नौ) परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं का पुर्नपरीक्षण नहीं होगा। यदि उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन में कोई चूक सामने आती है तो यह मामला विशेष परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ रखा जाएगा, जो ऐसी कार्यवाही, जो उचित समझे, किये जाने का आदेश करेगी। यदि कार्य परिषद् द्वारा परीक्षा परिणाम प्रकाशित किये जाने के पश्चात् ऐसी कोई चूक पाई जाती है तो कुलसचिव मामले के विचारार्थ विशेष परीक्षा समिति की बैठक आहूत करेगा और वह इस संबंध में ऐसी कार्यवाही जो उचित समझे, करेगी। यदि वह प्रश्न या उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन का आदेश देती है और यदि ऐसे मूल्यांकन के परिणाम स्वरूप परीक्षार्थी जो पहले अनुत्तीर्ण घोषति किया गया था, उत्तीर्ण हो जाता है, कुलपति से अधिनियम के अधीन अपनी शक्तियों का प्रयोग करके उसे उस श्रेणी में, जिसके लिए उसके अंक उसे हकदार बनाते हैं, उत्तीर्ण घोषित किये जाने का अनुरोध किया जाएगा।

(दस) कार्य परिषद द्वारा यथाविनिश्चित के सिवाय, परीक्षा उत्तर–पुस्तिकाएं तथा परीक्षार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों से सम्बंधित विवरण, सारणीकृत परीक्षा परिणामों को छोड़कर, परिणाम प्रकाशित किए जाने के दिनांक से चार माह पश्चात् नष्ट कर दिए जाएँगे या अन्यथा निपटान कर किया जाएगा।

परिणामों का प्रकाशन

72–कार्यपरिषद् विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के परिणाम विश्वविद्यालय की सरकारी वेबसाइट पर प्रकाशित करेगी ।

कुलसचिव विशेष परीक्षा समिति की कार्यवाहियों को कार्य परिषद् के समक्ष समिति द्वारा तैयार की गई सफल परीक्षार्थियों की सूची सहित प्रस्तुत करेगा। परीक्षार्थियों की उस विषय या विषयों की प्रति–सूचियाँ (क्रॉस–लिस्ट), जिनमें वे विहित न्यूनतम अंक प्राप्त करने में असफल हुए हैं, परिणाम प्रकाशित किये जाने के पूर्व सारणीयकों द्वारा तैयार की जाएगी, और यह कुलसचिव का कर्तव्य होगा कि सफल रिपोर्ट किये गये परीक्षार्थियों की सूची की तुलना प्रतिसूचियों (क्रॉस–लिस्ट) से करेगा और जहाँ आवश्यक हो, सारणीयकों से सूचियों में संशोधन के लिए कहेगा।

अध्यादेश संख्या–8

बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स (बी0पी0ए0)
परफॉर्मिंग आर्ट्स पाठ्यक्रम
(सेमेस्टर प्रणाली)

73–अध्यादेश विश्वविद्यालय के समस्त सम्बंधित विभागों और विश्वविद्यालय की अधकिारिता के अधीन संबद्ध/संघटक महाविद्यालयों पर लागू होगा।

74–बी0पी0ए0 पाठ्यक्रम नियमित पाठ्यक्रम होगा और आठ सेमेस्टरों तक चलेगा, नामशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, षष्ठ, सप्तम एवं अष्टम सेमेस्टर। यह पाठ्यक्रम विकल्प आधारित पाठ्यक्रमांश प्रणाली (चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम) (सी0बी0सी0एस0) पर आधारित होगा।

75–इस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने हेतु इच्छुक प्रत्येक अभ्यर्थी को यू0पी0 बोर्ड या सी0बी0एस0ई0 की उच्च माध्यमिक (10+2) परीक्षा या सी0बी0एस0ई0 या अपने सम्बंधित राज्य/देश से मान्यता प्राप्त किसी समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग/ महाविद्यालयों द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा (अभिक्षमता–परीक्षा) या सी0यू0ई0टी0 (सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा) उत्तीर्ण करनी होगी।

76–प्रत्येक पाठ्यक्रम में छात्रों के लिए उपलब्ध सीटें विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर यथाविनिश्चय की जाएंगी।

77–पाठ्यक्रम के लिए फीस संरचना विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर यथाविनिश्चय की जाएगी।

78–प्रथम, तृतीय, पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर की शुरुआत विश्वविद्यालय द्वारा घोषित शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार अन्तिम रूप से दिसम्बर माह में होगी। इसी प्रकार, द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठ एवं अष्टम सेमेस्टर की शुरुआत जून माह में होगी, जो आवश्यकतानुसार विश्वविद्यालय द्वारा परिवर्तित भी हो सकती है।

79–प्रत्येक सेमेस्टर की अंतिम परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाएगी और पाठ्यक्रम की अपेक्षानुसार उसमें सैद्धांतिक/प्रायोगिक परीक्षा होगी, जबकि आंतरिक मूल्यांकन यू0टी0डी0/महाविद्यालयों के सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाएगा।

80—प्रत्येक प्रश्न-पत्र; सैद्धान्तिक और प्रायोगिक हेतु बाह्य मूल्यांकन के लिए 70 प्रतिशत अंक तथा आंतरिक मूल्यांकन के लिए 30 प्रतिशत अंक होंगे।

81—इस पाठ्यक्रम के माध्यम से प्रस्तावित समस्त विषय परिशिष्ट —'1' के अनुसार होंगे।

82—बी0पी0ए0 पाठ्यक्रम च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम पर आधारित होगा।

83—सम्बंधित विभागाध्यक्ष/महाविद्यालयों के प्राचार्य आंतरिक मूल्यांकन के अंकों के अभिलेख रखेंगे और उसे प्रत्येक सेमेस्टर की अंतिम परीक्षा के न्यूनतम एक सप्ताह पहले परीक्षा अनुभाग को अग्रेषित करेंगे।

84—(क) सेमेस्टर परीक्षा उत्तीर्ण करने के क्रम में अभ्यर्थी को प्रत्येक प्रश्नपत्र में पृथक—पृथक न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अपेक्षित होगा। यह नियम आंतरिक मूल्यांकन के लिए भी लागू होगा।

(ख)आंतरिक मूल्यांकन अर्थात् सतत समग्र मूल्यांकन (सी0सी0ई0) विश्वविद्यालय/शिक्षण—विभाग/महाविद्यालय स्तर पर होगा।

85—(क) यदि कोई अभ्यर्थी किसी पाठ्यक्रम में बाह्य या आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो वह उसी परीक्षा में अगले वर्ष पुनः सम्मिलित हो सकता/सकती है। उदाहरणार्थ, प्रथम सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण अभ्यर्थी आगामी समूह (बैच) के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के साथ संबंधित परीक्षा में पुनः सम्मिलित होगा।

(ख) विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप सम्बंधित विभागाध्यक्ष/महाविद्यालयों के प्राचार्य द्वारा घोषित कार्य—योजना के अनुसार अभ्यर्थी आंतरिक मूल्यांकन में सम्मिलित होने के लिए पात्र होगा।

(ग) कोई छात्र, जिसने किसी सेमेस्टर में प्रवेश लिया है, परंतु उस सेमेस्टर परीक्षा का परीक्षा—प्रपत्र (फार्म) भरने में असफल रहता है अथवा अल्प उपस्थिति या किसी अन्य कारण से परीक्षा से विवर्जित किया जाता है अथवा किसी सेमेस्टर की बाह्य परीक्षाओं के समस्त पाठ्यक्रमों में अनुत्तीर्ण हो जाता है, तब उसे नए सिरे से पुनर्प्रवेश लेना होगा और सम्बंधित सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होना होगा। प्रथम, तृतीय, पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर में संस्थागत प्रवेश एवं पुनर्प्रवेश आगामी विषम सेमेस्टर में अनुज्ञात होगा और द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठ एवं अष्टम सेमेस्टर में संस्थागत प्रवेश और पुनः प्रवेश आगामी लागू सम सेमेस्टर में अनुज्ञात होगा। प्रत्येक छात्र को समस्त आठों सेमेस्टर बी0पी0ए0 पाठ्यक्रम में उसके प्रवेश के सत्र से अधिकतम छह वर्षों के भीतर उत्तीर्ण करना होगा।

86—अभ्यर्थी को किसी सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति तभी मिलेगी, जब विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार उसकी उपस्थिति होगी।

87—अभ्यर्थी को श्रेणी समस्त आठों सेमेस्टर की परीक्षाएँ उत्तीर्ण करने के पश्चात् दी जाएगी।

88—यदि किसी अभ्यर्थी के पिछले सेमेस्टर (सेमेस्टरों) का बैक पेपर है और अंतिम सेमेस्टर परीक्षा तक उसे उत्तीर्ण नहीं किया है, तो उस के अंतिम सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया जाएगा, परंतु सम्बंधित अभ्यर्थी के अवशिष्ट कार्य (बैक लॉग) का विवरण भी प्रस्तुत किया जाएगा। सम्बंधित अभ्यर्थी का तत्संबंधी सी0जी0पी0ए0 प्रतिशत, श्रेणी एवं ग्रेड की गणना नहीं की जाएगी और अंकसूची में परिणाम के रूप में ''पाठ्यक्रम पूरा नहीं हुआ'' उल्लिखित किया जाएगा।

89—इस अध्यादेश के अधीन ग्रेड—सुधार का कोई उपबंध नहीं होगा।

90—इस पाठ्यक्रम में ग्रेस अंक नहीं दिए जाएंगे।

91—पुनर्मूल्यांकन की अनुमति सेमेस्टर परीक्षा के केवल दो लिखित प्रश्न-पत्रों में ही दी जाएगी और विश्वविद्यालय—नियमों के अनुसार होगी।

92—केवल उन्हीं छात्रों पर प्रावीण्य—सूची के लिए विचार किया जाएगा, जिन्होंने आंतरिक मूल्यांकन सहित अपनी समस्त सेमेस्टर परीक्षाएँ निरंतर एक ही बार में बिना किसी बैक/छोड़े/रुके आदि उत्तीर्ण कर ली हैं।

93—प्रवेश, उपस्थिति, परीक्षा या अन्य ऐसे मामले जो इस अध्यादेश के अधीन आच्छादित नहीं हैं, विश्वविद्यालय के अन्य सुसंगत अध्यादेश से शासित होंगे।

94—किसी विवाद/अस्पष्टता की स्थिति में विश्वविद्यालय परीक्षा परिषद् का विनिश्चय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

अध्यादेश संख्या–9

मास्टर ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स (एम0पी0ए0)

(सेमेस्टर प्रणाली)

95–अध्यादेश भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के समस्त सम्बंधित विभागों और इस विश्वविद्यालय की अधिकारिता के अधीन संबद्ध महाविद्यालयों पर लागू होगा।

96–मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स विकल्प आधारित पाठ्यक्रमांश प्रणाली (च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम) (सी0बी0सी0एस0) पर आधारित होगा एवं चार सेमेस्टर तक चलेगा। प्रत्येक सेमेस्टर में दो सैद्धातिक एवं दो प्रायोगिक परीक्षाएँ (मौखिक एवं रंगमंच अभनिय) होंगी, जिन्हें प्रत्येक सेमेस्टर के अंत तक पूरा किया जायेगा।

97–पात्रता,–

अभ्यर्थी, जिसने इस विश्वविद्यालय की बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स (बी0पी0ए0) उपाधि प्राप्त की हो अथवा किसी अन्य सांविधिक/मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की सम्बंधित विषय में चार वर्षीय/आठ सेमेस्टर की स्नातक उपाधि संबंधित विषय में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक या समतुल्य सी0जी0पी0ए0 और 50 प्रतिशत अंक या समतुल्य ग्रेड प्वाइंट प्राप्त किया हो या सम्बंधित विषय में स्नातक उपाधि प्राप्त की हो, एम0पी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने हेतु पात्र होगा।

98–उपर्युक्त से भन्नि, अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग (यू0टी0डी0)/उसके संबद्ध महाविद्यालयों द्वारा आयोजित अभिक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।

99–प्रत्येक पाठ्यक्रम में छात्रों के लिए उपलब्ध सीटों का विनिश्चय विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर किया जाएगा।

100–इस प्रकार प्रवेश–प्राप्त प्रत्येक अभ्यर्थी चारों सेमेस्टरों में विहित पाठ्यक्रम का आनुक्रमिकता से अध्ययन करेगा। मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की उपाधि उन्हीं अभ्यर्थियों को दी जाएगी, जिन्होंने समस्त चारों सेमेस्टरों में प्रत्येक पाठ्यक्रम की सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक परीक्षाओं में पृथक–पृथक न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक या समतुल्य ग्रेड पॉइंट प्राप्त किए हैं। सफल परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय–नियमों के अनुसार अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त क्रेडिट पर आधारित ग्रेड दिया जाएगा।

101–अभ्यर्थी को इस विश्वविद्यालय में मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स के अध्ययन के साथ अन्य किसी उपाधि–पाठ्यक्रम में अध्ययन करने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

102–परीक्षा का पाठ्यक्रम पृथक से प्रकाशित किया जाएगा।

103–सम्बंधित विभागों के अध्यक्ष/महाविद्यालयों के प्राचार्य आंतरिक मूल्यांकन के अंकों का अभिलेख रखेंगे और प्रत्येक सेमेस्टर की अंतिम परीक्षा के न्यूनतम एक सप्ताह पूर्व परीक्षा अनुभाग को अग्रेषित करेंगे।

104–प्रत्येक सेमेस्टर की अंतिम परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित की जाएगी और उसमें पाठ्यक्रम की अपेक्षानुसार सैद्धांतिक/प्रायोगिक परीक्षा समाविष्ट होगी, जबकि आंतरिक मूल्यांकन यू0टी0डी0 के सम्बंधित विभागों, महाविद्यालयों द्वारा किया जाएगा।

105–यदि कोई अभ्यर्थी किसी भी पाठ्यक्रम में प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षा के बाह्य एवं आंतरिक मूल्यांकन में अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो वह सम्बंधित परीक्षा में अगले विषमांक सेमेस्टर में पुनः सम्मिलित हो सकता है। इसी प्रकार यदि कोई अभ्यर्थी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा के बाह्य एवं आंतरिक मूल्यांकन में अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो वह सम्बंधित परीक्षा में अगले समांक सेमेस्टर में पुनः सम्मिलित हो सकता है। ऐसे विद्यार्थियों को प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा प्रपत्र (फॉर्म) भरना होगा और अपेक्षित फीस जमा करनी होगी।

106–अभ्यर्थी को किसी सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुज्ञा तभी दी जाएगी, जब उसकी उपस्थिति विश्वविद्यालय–नियमों के अनुरूप हो।

107–वह छात्र, जिसने किसी सेमेस्टर में प्रवेश लिया है, परंतु उस सेमेस्टर परीक्षा का परीक्षा–प्रपत्र (फॉर्म) नहीं भर पाता है अथवा अल्प उपस्थिति के कारण या किन्हीं अन्य कारणों से परीक्षा से विवर्जित किया जाता है अथवा किसी सेमेस्टर की बाह्य परीक्षा के समस्त पाठ्यक्रमों में अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो उसे नए सिरे से सम्बंधित सेमेस्टर में पुनर्प्रवेश लेना होगा और उस परीक्षा में सम्मिलित होना होगा। प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर में संस्थागत प्रवेश एवं पुनर्प्रवेश आगामी लागू विषम सेमेस्टर में अनुज्ञात होगा एवं द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में संस्थागत एवं पुनर्प्रवेश आगामी लागू सम सेमेस्टर में अनुज्ञात होगा। प्रत्येक छात्र को चारों सेमेस्टरों को एम0पी0ए0 पाठ्यक्रम में उसके प्रथम प्रवेश के सत्र से अधिकतम चार वर्ष की अवधि के भीतर उत्तीर्ण करना होगा।

108–सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक दोनों परीक्षाओं में 30 प्रतिशत आंतरिक एवं 70 प्रतिशत बाह्य मूल्यांकन होगा।

109–पुनर्मूल्यांकन का उपबंध केवल बाह्य सैद्धांतिक पाठ्यक्रमों के लिए विश्वविद्यालय–नियमों के अनुसार होगा।

110–अभ्यर्थी द्वारा किसी पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के लिए किए गए प्रयत्नों को सम्बंधित सेमेस्टर समाप्ति की अंकसूची में उपदर्शित किया जाएगा किन्तु अंतिम अंकसूची में नही उपदर्शित किया जाएगा।

111–सभी विषयों में परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर घोषित तिथियों को आयोजित की जाएगी।

112–इस पाठ्यक्रम में श्रेणी–सुधार का कोई उपबंध नहीं होगा ।

113–अभ्यर्थी को ग्रेड केवल समस्त चारों सेमेस्टरों की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् दिया जाएगा।

114–यदि किसी अभ्यर्थी के पिछले सेमेस्टर (सेमेस्टरों) का बैक पेपर है और अंतिम सेमेस्टर परीक्षा तक उसे उत्तीर्ण नहीं किया है, ऐसी स्थिति में उसके अंतिम सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया जाएगा, परंतु सम्बंधित अभ्यर्थी के बैक लॉग का विवरण भी प्रस्तुत किया जाएगा। सम्बंधति अभ्यर्थी का तत्संबंधी सी0जी0पी0ए0, प्रतिशत, श्रेणी व ग्रेड की गणना नहीं की जाएगी और अंकसूची में ''पाठ्यक्रम पूरा नहीं हुआ'' उल्लिखित किया जाएगा।

115–प्रावीण्य सूची में केवल उन्हीं छात्रों का समावेश होगा, जिन्होंने समस्त सेमेस्टरों को प्रथम प्रयास में ही बिना रुके उत्तीर्ण किया है। प्रावीण्य–सूची केवल सी0जी0पी0ए0 के आधार पर ही तैयार की जाएगी।

116–इस पाठ्यक्रम में ग्रेस अंक का कोई उपबंध नहीं होगा।

117–प्रवेश, उपस्थिति, परीक्षा अथवा ऐसे अन्य प्रकरण, जो इस अध्यादेश के अधीन आच्छादित नहीं हैं, इस विश्वविद्यालय के सुसंगत अध्यादेशों से शासित होंगे।

118–किसी विवाद की स्थिति में विश्वविद्यालय की परीक्षा–समिति का विनिश्चय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

अध्यादेश संख्या–10

बैचलर ऑफ विजुअल आर्ट्स (बी0वी0ए0)

चित्रकला

पाठ्यक्रम की संरचना

119–''आधारभूत–पाठ्यक्रम'' के नाम से एक वर्षीय (दो सेमेस्टर) एक सामान्य पाठ्यक्रम होगा, जो अनिवार्य होगा और बैचलर ऑफ विजुअल आर्ट्स (चित्रकला) में नामांकन हेतु उसमें अर्हित होना पूर्वापेक्षित होगा।

120–उपर्युक्त क्षेत्रों में विशिष्टीकरण – पाठ्यक्रम त्रिवर्षीय (छह सेमेस्टर) अवधि के होंगे। स्नातक पाठ्यक्रम के अधीन पूर्ण अवधि चार वर्ष (आठ सेमेस्टर) होगी, जिसमें आधारभूत– पाठ्यक्रम का एक वर्ष (दो सेमेस्टर) सम्मिलित होगा। बैचलर ऑफ विजुअल आर्ट (बी0वी0ए0) चयन आधारित पाठ्यक्रमांश प्रणाली (च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सी0बी0सी0एस0) पर आधारित संस्थागत पाठ्यक्रम होगा।

121–आधारभूत–पाठ्यक्रम में प्रवेश की न्यूनतम अर्हता इंटरमीडिएट या 10+2 परीक्षा या विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष परीक्षा होगी।

सामान्य नीति

122–इन पाठ्यक्रमों के अध्ययन की अवधि के दौरान छात्र को प्रचुरता से भारतीय कला और संस्कृति के विभिन्न पक्षों से अभिदर्शित होंगे।

123–छात्रों को समालोचनात्मक एवं विवेकशील दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्हें कला के प्रति व्यक्तिगत उपागम अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा ।

124–छात्रों को प्रायोगिक असाइनमेंट के माध्यम से अकादमिक श्रेष्ठता के अलावा समुचित व्यावसायिक दृष्टिकोण विकसित करने पर ध्यान दिया जाएगा। संग्रहालय, ऐतिहासिक महत्व के स्थलों और अन्य उपयुक्त स्थानों का भ्रमण छात्रों में अन्वेषण की भावना विकसित करने, कला एवं शिल्प के शास्त्रीय कार्यों से घनिष्ठता एवं सांस्कृतिक महत्व की वस्तुओं एवं स्थलों से परिचय के लिए किया जाएगा।

प्रवेश

125–छात्रों को प्रवेश अभिक्षमता/प्रवेश–परीक्षा या सी0यू0ई0टी0 के आधार पर दिया जाएगा।

126–प्रवेश/अभिक्षमता परीक्षा की परिकल्पना विश्वविद्यालय विभाग अथवा सम्बंधित महाविद्यालय द्वारा अभ्यर्थी में निम्नलिखित विशेषताओं की जांच करने की दृष्टि से की जाएगीः–

(क) अभिक्षमता–स्थानीय योग्यता, प्राकृतिक उपहार;

(ख) अभिरुचि–विषयों के प्रति अभिक्षमता, अभिरूचि और व्यक्तिगत जीवन–दर्शन;

(ग) व्यक्तित्व–मनोवैज्ञानिक चरित्र के लिए;

(घ) बौद्धिक क्षमता–आत्म अभिव्यक्ति, दृश्य, जागरुकता और व्यक्तिवाद (मौखिक)।

127–अध्यादेश विश्वविद्यालय के समस्त सम्बंधित विभागों और विश्वविद्यालय की अधिकारिता के अधीन सम्बद्ध महाविद्यालयों पर लागू होगा।

128–प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए सीटों की कुल संख्या विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग/महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर विनिश्चय की जाएगी।

129–इन पाठ्यक्रमों की फीस संरचना का विनिश्चय विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर किया जाएगा।

130–प्रथम, तृतीय, पंचम और सप्तम सेमेस्टर राज्य सरकार द्वारा घोषित शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार जून माह में प्रारंभ होंगे। इसी तरह, द्वितीय चतुर्थ, षष्ठ, अष्टम सेमेस्टर दिसंबर माह में प्रारम्भ होंगे जो विश्वविद्यालय द्वारा जब और जैसे अपेक्षित हो, परिवर्तित किये जा सकेंगे।

131–प्रत्येक सेमेस्टर की अंतिम परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित की जाएगी और उसमें पाठ्यक्रम की अपेक्षा के अनुरुप सैद्धांतिक/प्रायोगिक परीक्षा भी शामिल होगी, जबकि आंतरिक मूल्यांकन यू0टी0डी0 के सम्बंधित विभाग/महाविद्यालयों द्वारा किया जाएगा।

132–प्रत्येक प्रश्न-पत्र (प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक) की बाह्य परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक तथा आंतरिक मूल्यांकन के लिए 30 प्रतिशत अंक होंगे।

133–सम्बंधित विभागाध्यक्ष/महाविद्यालयों के प्राचार्य आंतरिक मूल्यांकन के अंकों का अभिलेख रखेंगे और उसे परीक्षा–अनुभाग को प्रत्येक सेमेस्टर की अंतिम परीक्षा के पूर्व अग्रेषित करेंगे।

(क) सेमेस्टर परीक्षा उत्तीर्ण करने के क्रम में प्रत्येक अभ्यर्थी से प्रत्येक सैद्धांतिक प्रश्न-पत्र में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक और प्रायोगिक में 40 प्रतिशत अंक अलग–अलग प्राप्त करना अपेक्षित होगा।

(ख) आंतरिक मूल्यांकन, अर्थात् सतत समग्र मूल्यांकन (सीसीई) विश्वविद्यालय शिक्षण–विभाग/महाविद्यालय स्तर पर किया जाएगा।

134–(क) यदि कोई अभ्यर्थी किसी भी पाठ्यक्रम की प्रायोगिक परीक्षा के बाह्य अथवा आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो वह उसी में पुनः सम्मिलित होगा, उदाहरणार्थ, प्रथम सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण अभ्यर्थी सम्बंधित परीक्षा में आगामी बैच के प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के साथ, अर्थात् अगले साल, पुनः सम्मिलित होगा।

(ख) अभ्यर्थी सम्बंधित विभागाध्यक्ष/महाविद्यालयों के प्राचार्य द्वारा घोषित अनुसूची के अनुरूप विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार आंतरिक मूल्यांकन में सम्मिलित होने हेतु पात्र होगा।

135–अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय सेमेस्टर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुज्ञा तभी मिलेगी, जब वह इस विश्वविद्यालय के उपस्थिति–मानदंड को पूरा करें।

136–चयन आधारित पाठ्यक्रमांश प्रणाली (च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम) का ढाँचा बी0वी0ए0 पाठ्यक्रम के अधीन विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए नीचे उल्लिखित हैः–

एक–चित्रकला

137–अभ्यर्थी को ग्रेड समस्त आठों सेमेस्टरों की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् दिया जाएगा। एस0जी0पी0ए0 (सेमेस्टर ग्रेड पॉइंट एवरेज) और सी0जी0पी0ए0 (क्यूमुलेटिव ग्रेड पॉइंट एवरेज) की गणना परिशिष्ट– '3' के अनुसार की जाएगी।

138–इस अध्यादेश के अधीन ग्रेड–सुधार का कोई उपबंध नहीं होगा।

139–प्रावीण्य–सूची के लिए केवल उन्हीं छात्रों पर विचार किया जाएगा, जिन्होंने आंतरिक मूल्यांकन सहित अपनी समस्त संबंधित सेमेस्टर परीक्षाओं को बिना रुके निरंतर एक ही बार में बिना किसी बैक/छोड़े/रूके आदि के उत्तीर्ण कर लिया हो ।

140–अभ्यर्थी को स्नातक उपाधि के सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को उसके सम्बंधित पाठ्यक्रम में प्रथम प्रवेश के सत्र से अधिकतम छह वर्षों की अवधि के भीतर पूरा करना होगा।

141–प्रवेश, उपस्थिति, परीक्षा से सम्बंधित प्रकरण अथवा ऐसे अन्य प्रकरण, जो जिन्हें इस अध्यादेश के अधीन आच्छादित नहीं है, विश्वविद्यालय के अन्य सुसंगत अध्यादेश से शासित होंगे।

142–किसी विवाद/अस्पष्टता की स्थिति में विश्वविद्यालय परीक्षा–समिति का विनिश्चय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

अध्यादेश संख्या–11

कला स्नातक (बी0ए0)
(सेमेस्टर प्रणाली)

143–यह अध्यादेश विश्वविद्यालय के समस्त सम्बंधित विभागों और विश्वविद्यालय की अधिकारिता के अधीन सम्बद्ध महाविद्यालयों पर लागू होगा।

144–बी0ए0 पाठ्यक्रम एक नियमित पाठ्यक्रम होगा और आठ सेमेस्टर में विभाजित होगा, अर्थात् प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, षष्ठ, सप्तम, और अष्टम सेमेस्टर। पाठ्यक्रम चयन आधारित पाठ्यक्रमांश प्रणाली (च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम) पर आधारित होगा।

145–इस पाठ्यक्रम में प्रवेश चाहने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को यू0पी0 बोर्ड या सी0बी0एस0ई0 की हायर सेकेंडरी परीक्षा (10+2) या अपने सम्बंधित राज्य या देश के द्वारा मान्यता प्राप्त कोई भी समकक्ष परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण करनी होगी।

146–प्रथम, तृतीय, पंचम, एवं सप्तम सेमेस्टर अनंतिम रूप से राज्य शासन द्वारा घोषित अकादमिक कैलेंडर के अनुसार दिसम्बर माह में प्रारंभ होंगे। इसी प्रकार द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठ और अष्टम सेमेस्टर जून माह में प्रारंभ होंगे, जिसे विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यकतानुसार परिवर्तित किया जा सकता है।

147–प्रत्येक सेमेस्टर की अंतिम परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित की जाएगी और उसमें पाठ्यक्रमानुसार सैद्धांतिक प्रायोगिक परीक्षा सम्मिलित होगी, जबकि आंतरिक मूल्यांकन सम्बंधित विभागों अथवा महाविद्यालयों द्वारा किया जाएगा।

148–प्रत्येक प्रश्न-पत्र–सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक के बाहय मूल्यांकन के लिए 70 प्रतिशत अंक और आंतरिक मूल्यांकन के लिए 30 प्रतिशत अंक होंगे।

149–इस पाठ्यक्रम के माध्यम से प्रस्तावित सभी विषयों को तीन समूहों में विभाजित किया गया है, अर्थात् मुख्य दो विषय और एक गौण विषय–जिसमें से एक गौण विषय एक प्रश्न-पत्र वैकल्पिक होगा।

150–बी0ए0 पाठ्यक्रम चयन आधारित पाठ्यक्रमांश प्रणाली (च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम) पर आधारित होगा। पाठ्यक्रमांश (क्रेडिट) की रूपरेखा परिशिष्ट 4 और 5 में दी गई है।

151–सम्बंधित विभागों के प्रमुख/संस्थान के निदेशक आंतरिक मूल्यांकन के अंकों का अभिलेख रखेंगे और उसे परीक्षा प्रभाग को प्रत्येक सेमेस्टर की अंतिम परीक्षा के न्यूनतम एक सप्ताह पूर्व प्रेषति करेंगे।

152–(क) सेमेस्टर परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए अभ्यर्थी को प्रत्येक प्रश्न-पत्र में अलग–अलग न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे। यह नियम आंतरिक मूल्यांकन पर भी लागू होगा।

(ख) प्रविष्ट विद्यार्थियों का आंतरिक मूल्यांकन एक सेमेस्टर में दो बार होगा, जो समग्र मूल्यांकन (सी0सी0ई0) के साथ होगा, अर्थात् सेमेस्टर परीक्षा विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग/महाविद्यालय स्तर पर होगी।

153–(क) यदि कोई अभ्यर्थी किसी पाठ्यक्रम के बाह्य या आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में अनुत्तीर्ण होता है, तो वह अगले वर्ष उसी परीक्षा में पुनः सम्मिलित हो सकता है। उदाहरणार्थ, कोई छात्र जो प्रथम सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण हो गया है वह अगले समूह (बैच) के प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के साथ सम्बंधित परीक्षा में पुनः सम्मिलित होगा।

(ख) अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार सम्बंधित विभाग के प्रमुख/संस्थान के निदेशक द्वारा घोषित कार्य, योजना के अनुसार आंतरिक मूल्यांकन में सम्मिलित होने की पात्रता होगी।

(ग) यदि कोई छात्र किसी सेमेस्टर में प्रवेश लेता है, परंतु उस सेमेस्टर का परीक्षा आवेदन प्रपत्र (फार्म) भरने में असफल रहता है, अथवा अल्प उपस्थिति या किसी अन्य कारण से परीक्षा में सम्मिलित होने से विवर्जित किया जाता है अथवा अन्य कारणों से अथवा सेमेस्टर की बाह्य परीक्षा के सभी पाठ्यक्रमों में अनुत्तीर्ण हो जाता है, उसे पुनः प्रवेश लेना होगा और सम्बंधित सेमेस्टर की उस परीक्षा में नए सिरे से सम्मिलित होना होगा। प्रथम, तृतीय, पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश और पुनर्प्रवेश की अनुमति अगले विषम सेमेस्टर में और द्वितीय,

चतुर्थ, और अष्टम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश एवं पुनर्प्रवेश की अनुमति अगले लागू होने वाले सम सेमेस्टर में होगी। प्रत्येक छात्र को बी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के सत्र से अधिकतम छह वर्ष की अवधि में सभी सेमेस्टर में उत्तीर्ण होना होगा।

154–अभ्यर्थी को किसी सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति तभी मिलेगी, जब उसकी उपस्थिति विश्वविद्यालय नियमों के अनुरूप होगी।

155–अभ्यर्थी को श्रेणी (ग्रेड) तभी प्रदान की जाएगी, जब वह आठों सेमेस्टरों की परीक्षा उत्तीर्ण कर लेगा।

156–यदि किसी अभ्यर्थी के पिछले सेमेस्टर (सेमेस्टरों) का रुका हुआ पेपर (बैक पेपर) है और अंतिम परीक्षा तक उसे उत्तीर्ण नहीं किया है, ऐसी स्थिति में उसके अंतिम सेमेस्टर का परिणाम घोषित तो किया जाएगा, परंतु सम्बंधित अभ्यर्थी के अवशिष्ट (बैक लॉग) कार्य का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया जाएगा। संबंधित अभ्यर्थी के तत्संबंधी सी0जी0पी0ए0, प्रतिशत, श्रेणी व ग्रेड की गणना नहीं की जाएगी और ''पाठ्यक्रम पूरा नहीं हुआ'' (प्रोग्राम नॉट कंप्लीटेड) अंकसूची में अंकित किया जाएगा।

157–परिशिष्ट में परीक्षा (प्रश्न-पत्रों) की योजना भी उल्लिखित है।

158–इस अध्यादेश के अधीन श्रेणी ग्रेड– सुधार का कोई उपबंध नहीं है।

159–इस पाठ्यक्रम में कृपांक (ग्रेस मार्क्स) नहीं दिया जाएगा।

160–पुनर्मूल्यांकन की अनुमति सेमेस्टर परीक्षा के केवल दो लिखित प्रश्न-पत्रों में दी जाएगी और विश्वविद्यालय नियमों के अनुसार होगी।

161–योग्यता सूची के लिए उन्हीं छात्रों पर विचार किया जाएगा, जिन्होंने अपनी सम्बंधित सभी सेमेस्टर परीक्षाओं–आंतरिक मूल्यांकन सहित–को एक ही प्रयास में बिना रुके बिना किसी बैक/ड्रॉप/ब्रेक के उत्तीर्ण किया हो।

162–प्रवेश, उपस्थिति, परीक्षा अथवा ऐसे अन्य कोई प्रकरण जो इस अध्यादेश के अधीन आच्छादित नहीं हैं, विश्वविद्यालय के अन्य सुसंगत अध्यादेश से शासित होंगे।

163–किसी विवाद/अस्पष्टता की स्थिति में विश्वविद्यालय की परीक्षा परिषद् का विनिश्चय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

अध्यादेश संख्या–12

प्रवेशिका परीक्षा (संगीत एवं नृत्य)

164– (एक) विश्वविद्यालय के प्रवेशिका पाठ्यक्रम के लिए दो परीक्षाएँ होंगी,–

(एक) प्रवेशिका–I

(दो) प्रवेशिका– II

(दो) प्रत्येक पाठ्यक्रम की अवधि एक शैक्षणिक वर्ष होगी।

165– प्रति वर्ष यह परीक्षा उस दिनांक को ली जाएगी, जैसा कि इस निमित्त परीक्षा समिति द्वारा यह नियत किया जाये, उक्त दिनांक सामान्यतः परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो माह पहले अधिसूचित किया जायेगा।

166–विश्वविद्यालय के अध्यादेश एवं विनियमों की आवश्यकताओं के अनुपालन के अधीनः

प्रवेशिका–I में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी को कम से कम विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त प्राथमिकशाला प्रमाण-पत्र परीक्षा के अधीन चौथी कक्षा उत्तीर्ण करना होगा; और

प्रवेशिका–II में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी को इस अध्यादेश के अधीन प्रवेशिका की भाग–। परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा।

167–परीक्षा के लिए अध्ययन – पाठ्यक्रम में अथवा प्रायोगिक कक्षाओं में उपस्थिति में कमी की छूट सुसंगत अध्यादेश के उपबंधों के अनुसार दी जा सकती है।

168–प्रवेशिका–I एवं II की परीक्षा के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी की परीक्षा निम्नांकित विषयों में से किसी में भी ली जाएगी, नामशः –

(एक) गायन (हिंदुस्तानी)

अथवा

(दो) नृत्य (कथक)/भरतनाट्यम/मणिपुरी)

अथवा

(तीन) निम्नांकित शाखाओं में से किसी भी वाद्य संगीत में, नामशः

(क)	सितार	(ख)	सरोद
(ग)	वायलिन	(घ)	सारंगी
(ङ)	गिटार	(च)	बाँसुरी

(चार) तालवाद्य संगीत की किसी भी शाखा में, नामशः

(छ)	तबला	(ज)	पखावज

169– (एक) परीक्षा में प्रवेश के लिए प्रत्येक आवेदन विहित प्रपत्र में कुलसचिव को इस निमित्त विहित समय के भीतर अवश्य पहुँचेगा।

(दो) आवेदन के साथ विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर विहित शुल्क भी होगा।

170–विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के प्रमुख अथवा महाविद्यालय के प्राचार्य की सूचना पर, अथवा अन्य प्रकार से, कार्यपरिषद किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी स्तर पर परीक्षा में प्रवेश को अमान्य कर सकती है या उससे निष्कासित कर सकती है, यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि ऐसा अभ्यर्थी प्रवेश के लिए उपयुक्त व्यक्ति नहीं है। ऐसे निष्कासन के कारण अभिलिखित किए जाएँगे।

171–प्रश्न-पत्र और परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिये विहित अधिकतम और न्यूनतम अंकों का विस्तृत विवरण अनुच्छेद–17 में है।

172–(एक) परीक्षा में सफल होने के लिये सैद्धान्तिक और प्रायोगिक परीक्षा में पृथक–पृथक न्यूनतम अंको को अनुच्छेद–17 में निर्धारित किया गया है।

(दो) कुल अंक के 60 प्रतिशत या अधिक पाने वाले सफल परीक्षार्थियों को प्रथम श्रेणी में रखा जायेगा, जिन्होंने कुल अंक में से 60 प्रतिशत से कम परन्तु अन्यून 45 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों, उन्हें द्वितीय श्रेणी में रखा जायेगा और कुल अंक के 45 प्रतिशत से कम परन्तु अन्यून 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अन्य सफल परीक्षार्थियों को तृतीय श्रेणी में रखा जायेगा।

(तीन) ऐसे परीक्षार्थी जो उपर्युक्तानुसार अंक प्राप्त करने में असफल हो गये हों, परन्तु इस अध्यादेश के पैरा–173 में यथाविहित न्यूनतम अंक की छूट दी जाती है, उन्हें उस परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किया जायेगा और उनकी पात्रता के अनुसार उस श्रेणी में रखा जायेगाः

परन्तु यह है कि उन परीक्षार्थियों को, जिन्हें कुल अंक को बढ़ाने के लिये कृपांक दिया गया है, कोई श्रेणी नहीं दी जायेगी।

(चार) सैद्धान्तिक अथवा प्रायोगिक परीक्षा में कुल अंक के 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले को ''उत्कृष्ट'' (डिस्टिंक्शन) घोषित किया जायेगा।

173–(एक) इस अध्यादेश में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी कुल अंक में या एक विषय में एक अंक से अनुत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों के प्रकरण में कमी को छूट दी जाएगीः

परन्तु यह कि इस पैरा के प्रयोजनार्थ संगीत की प्रायोगिक परीक्षा को एक विषय माना जाएगा, दो विषयों में कृपांक नहीं दिया जाएगा। कुल अंक को बढ़ाने के लिए कृपांक पाने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी श्रेणी में नहीं रखा जाएगा।

(दो) यदि कोई अभ्यर्थी इस पैरा के उप–पैरा (एक) का लाभ लिए बिना परीक्षक के अंकों से परीक्षा में उत्तीर्ण होता है, परंतु प्रथम या द्वितीय श्रेणी एक अंक से चूकता है, केवल उसके कुल अंक को एक अंक से बढ़ाया जाएगा, जिससे वह प्रथम या द्वितीय श्रेणी, जैसी स्थिति हो, के लिए पात्रता रख सके।

(तीन) ये अतिरिक्त अंक अंक पत्र में पृथक रूप से दर्शाए जाएंगे।

(चार) किसी भी परीक्षा की योग्यता सूची में अभ्यर्थी का स्थान उसके द्वारा परीक्षकों से प्राप्त अंकों के आधार पर अवधारित किया जाएगा।

(पांच) अंकों में कमी की छूट से परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी को योग्यता–सूची में नहीं रखा जाएगा।

174–परीक्षा का पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा पृथक रूप से प्रकाशित किया जाएगा।

175–परीक्षा के बाद यथासंभव शीघ्र कार्यपरिषद् परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की सूची क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं पास श्रेणियों में प्रकाशित करेगी। प्रथम श्रेणी में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों के नाम योग्यता–क्रम में रखे जाएँगे।

176–निम्नांकित में से प्रत्येक की योग्यता –सूची पृथक–पृथक होगी, नामशः –

(1) गायन;

(2) वाद्य संगीत (समस्त शाखाओं को एक साथ मिलाकर);

(3) तालवाद्य (समस्त शाखाओं को एक साथ मिलाकर);

(4) कथक नृत्य;

(5) भरतनाट्यम् नृत्य;

(6) मणिपुरी नृत्य।

177–सफल परीक्षार्थी परीक्षा समिति द्वारा विहित प्रपत्र में प्रमाण-पत्र प्राप्त करेगा।

178–प्रवेश परीक्षा हेतु प्रश्न-पत्र और अधिकतम एवं न्यूनतम अंक परिशिष्ट–6 में दिये अनुसार होंगे।

अध्यादेश संख्या–13

परिचय परीक्षा (संगीत एवं नृत्य)

179–(एक) परिचय की दो परीक्षाएँ होगी, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है, नामशः –

(क) परिचय भाग –I परीक्षा

(ख) परिचय भाग –II परीक्षा

(दो) प्रत्येक भाग की अवधि एक शैक्षणिक वर्ष रहेगी।

180–परीक्षा, प्रति वर्ष ऐसी तिथि को होगी, जैसा कि इस संदर्भ में परीक्षा समिति द्वारा तय की जाएगी, उक्त तिथि सामान्यतः परीक्षा प्रारंभ होने के दो माह पूर्व अधिसूचित की जाएगी।

181–विश्वविद्यालय के अध्यादेशों और विनियमों की आवश्यकताओं के अनुपालन के अध्यधीन पैरा 183 में यथाउल्लिखित व्यक्ति, परिचय भाग–। की परीक्षा में प्रविष्ट होने के पात्र होंगे।

182–परिचय भाग–। एवं परिचय भाग–।। की परीक्षाओं में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी निम्नांकित परीक्षा एक शैक्षणिक वर्ष (उससे कम नहीं) पहले उत्तीर्ण कर चुका हो, नामशः –

(1) परिचय भाग– ।

विश्वविद्यालय की प्रवेशिका परीक्षा या उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त परीक्षा और विश्वविद्यालय द्वारा मान्य प्राथमिक शाला प्रमाण–पत्र परीक्षा के अंतर्गत छठी कक्षा अथवा आवेदित विषय के साथ दसवीं कक्षा उत्तीर्ण हो।

(2) परिचय भाग– ।।

विश्वविद्यालय के इस अध्यादेश के अधीन परिचय की भाग–I परीक्षा ।

183–प्रत्येक अभ्यर्थी की परीक्षा परिचय भाग–। अथवा परिचय भाग–।। के लिए निम्नांकित विषयों में होगीः–

(एक) गायन (हिंदुस्तानी)

अथवा

(दो) नृत्य (कथक/भरतनाट्यम/मणिपुरी)

अथवा

(तीन) वाद्य संगीत –निम्नांकित किसी भी एक शाखा में, नामशः –

(क) सितार (ख) सरोद

(ग) वायलिन (घ) सारंगी

(ङ) गिटार (च) बाँसुरी

(चार) तालवाद्य संगीत–निम्नांकित किसी भी एक शाखा में, नामशः –

(छ) तबला (ज) पखावज

184—छात्रों को इस अध्यादेश के पैरा 182 में उल्लिखित संगीत में अंतिम अर्हकारी परीक्षा में लिए गए मुख्य विषय के आधार पर पैरा 183 में से किसी एक विषय को परिचय के लिए चुनना होगा।

185—(एक) परीक्षा में प्रवेश के लिए प्रत्येक आवेदन विहित प्रपत्र में होगा और इस संबंध में यथा निर्धारित समय में कुलसचिव के पास पहुंचना होगा।

(दो) इस पाठ्यक्रम से सम्बंधित लागू होने वाले सभी शुल्क विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर विनिश्चित किए जाएँगे।

186—शिक्षण विभाग अथवा महाविद्यालय के प्राचार्य की सूचना पर या अन्य किसी प्रकार से कार्य परिषद् किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी स्तर पर परीक्षा में प्रवेश के लिए अमान्य कर सकती है या उसे निष्कासित कर सकती है यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि ऐसा अभ्यर्थी उसमें प्रवेश के लिए उचित व्यक्ति नहीं है। ऐसे निष्कासन का कारण अभिलिखित किये जाएंगे।

187—प्रश्न-पत्र की स्कीम, परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए आवश्यक अधिकतम और न्यूनतम अंक वही रहेंगे, जैसा कि पैरा—193 में दर्शाया गया है।

188—(एक) जैसा कि पैरा 193 में विहित किया गया है, परीक्षा में सफल होने के लिए परीक्षार्थी को प्रत्येक प्रश्न-पत्र में और कुल अंकों में न्यूनतम अंक प्राप्त करने होंगे।

(दो) कुल अंक के 60 प्रतिशत या अधिक अंक पाने वाले सफल परीक्षार्थियों को प्रथम श्रेणी में रखा जायेगा, जिन्होंने कुल अंक के 60 प्रतिशत से कम परंतु अन्यून 45 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों, इन्हें द्वितीय श्रेणी में रखा जायेगा और अन्य समस्त सफल परीक्षार्थी, जिन्होंने कुल अंक के 45 प्रतिशत से कम परन्तु अन्यून 33 प्रतिशत अंक प्राप्त किया हो, को तृतीय श्रेणी में रखा जायेगा।

(तीन) परिचय भाग—। परीक्षा में श्रेणी नहीं दी जाएगी ।

(चार) भाग—।। परीक्षा में श्रेणी का निर्धारण करने के लिए परीक्षार्थी द्वारा भाग—1 परीक्षा में प्राप्त अंकों की गणना की जाएगी।

189—परीक्षा का पाठ्यक्रम वही होगा, जो विश्वविद्यालय द्वारा पृथक् से प्रकाशित किया जाएगा।

190—परीक्षा के बाद यथासंभव शीघ्र कार्यपरिषद् क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की सूची प्रकाशित करेगी, प्रथम श्रेणी में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को योग्यता —क्रम में व्यवस्थित किया जाएगा।

191—निम्नांकित में से प्रत्येक की योग्यता सूची अलग—अलग होगी, नामशः —

(एक) गायन;

(दो) वाद्य संगीत (सभी शाखाओं को समाहित करते हुए);

(तीन) तालवाद्य (सभी शाखाओं को समाहित करते हुए);

(चार) कथक नृत्य;

(पांच) भरतनाट्यम नृत्य;

(छह) मणिपुरी नृत्य।

192—सफल परीक्षार्थी संगीत एवं नृत्य संकाय में 'परिचय' नामक पत्रोपाधि (डिप्लोमा) विद्या परिषद् द्वारा विहित प्रपत्र में प्राप्त करेंगे।

193—

परिचय— एक के लिए प्रश्न-पत्रों की कार्य योजना

क्र0	प्रश्न-पत्र का नाम	अधिकतम अंक	उत्तीर्णांक	प्रतिशत
1	सैद्धान्तिक—।	100	33	33%
2	प्रायोगिक	200	66	33%

परिचय— दो के लिए प्रश्न-पत्रों की कार्य योजना

क्र0	प्रश्न-पत्र का नाम	अधिकतम अंक	उत्तीर्णांक	प्रतिशत
1	सैद्धान्तिक—।	100	33	33%
2	प्रायोगिक	200	66	33%

अध्यादेश संख्या–14

प्रबुद्ध परीक्षा (संगीत एवं नृत्य)

194–(एक) प्रबुद्ध के लिए निम्नानुसार दो परीक्षाए होंगी, नामशः –

(क) प्रबुद्ध भाग–। परीक्षा

(ख) प्रबुद्ध भाग–।। परीक्षा

(दो) प्रत्येक भाग के पाठ्यक्रम की अवधि एक शैक्षणिक वर्ष होगी।

195–परीक्षाएँ प्रतिवर्ष ऐसी तिथियों में होगी, जैसा कि विद्यापरिषद् द्वारा इस संबंध में निर्धारित किया जाएगा, उक्त तिथि सामान्यतः परीक्षाएँ प्रारंभ होने के कम से कम तीन माह पूर्व अधिसूचित की जाएँगी।

196–पूर्व एवं अंतिम परीक्षा में प्रवेशार्थी अभ्यर्थी को निम्नांकित परीक्षा, जो एक शैक्षणिक वर्ष (उससे कम नहीं) पहले उत्तीर्ण करनी होगी, नामशः –

(एक) भाग–। परीक्षा

विश्वविद्यालय की परिचय परीक्षा अथवा कोई परीक्षा जो समकक्ष मान्य हो और विश्वविद्यालय द्वारा मान्य प्राथमिक शाला प्रमाण-पत्र परीक्षा के अधीन आठवीं कक्षा अथवा आवेदित विषय के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण हो ।

(दो) भाग–।। परीक्षा

विश्वविद्यालय की प्रबुद्ध भाग–। परीक्षा।

197–अध्ययन–पाठ्यक्रम में प्रत्येक विषय की परीक्षा के लिए अथवा प्रायोगिक कक्षाओं में उपस्थिति की कमी को अध्यादेश के अनुसार छूट दी जा सकती है।

198–प्रबुद्ध भाग–। एवं ।। परीक्षा के लिए परीक्षार्थी की किसी में परीक्षा निम्नांकित विषयों में से किसी में होगी, नामशः –

(क) गायन

अथवा

(ख) नृत्य (कथक/भरतनाट्यम/मणिपुरी)

अथवा

(ग) वाद्य संगीत निम्नांकित किसी भी शाखा में, नामशः –

(क) सितार (ख) सरोद

(ग) वायलिन (घ) सारंगी

(ङ) गिटार (च) बाँसुरी

(घ) तालवाद्य संगीत – निम्नांकित में से किसी भी शाखा में :–

(छ) तबला (ज) पखावज

199–विद्यार्थी उपरिलिखित विषयों में से वही विषय लेंगे, जो उन्होंने संगीत या नृत्य में जैसी भी स्थिति हो अंतिम अर्हकारी परीक्षा में लिया हो।

200–(एक) प्रत्येक परीक्षा–प्रवेश–आवेदन विहित प्रपत्र में होगा और इस संबंध में विहित समय– सीमा में कुलसचिव के पास पहुँचना होगा।

(दो) आवेदन के साथ विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर विहित परीक्षा–शुल्क होगा।

201–शिक्षण विभाग के प्रमुख अथवा महाविद्यालय के प्राचार्य से अथवा अन्य प्रकार से प्राप्त सूचना पर कार्य परिषद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा के किसी भी स्तर पर प्रवेश के लिए मना कर सकती है या निष्कासित कर सकती है, यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि ऐसा अभ्यर्थी उसमें प्रवेश के योग्य व्यक्ति नहीं है। निष्कासन का कारण अभिलिखित किये जाएंगे।

202–प्रत्येक विषय के प्रश्न-पत्र, उसके लिए प्रत्येक सैद्धांतिक और प्रायोगिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए निर्धारित अधिकतम और न्यूनतम अंक पैरा–209 में दिए गए विवरण के अनुसार होंगे।

203–(एक) परीक्षा में सफल होने के लिए परीक्षार्थी पैरा–209 में दर्शाए गये न्यूनतम अंक से कम अंक प्राप्त नहीं करेगा और कुल अंक 33 प्रतिशत से कम नहीं होंगे।

(दो) कुल अंक के 60 प्रतिशत या अधिक पाने वाले सफल परीक्षार्थियों को प्रथम श्रेणी में रखा जायेगा, जिन्होंने कुल अंक के 60 प्रतिशत से कम परंतु 45 प्रतिशत से कम नहीं प्राप्त करने वाले को द्वितीय श्रेणी में और अन्य समस्त सफल परीक्षार्थी, जिन्होंने 45 प्रतिशत से कम परंतु 33 प्रतिशत से कम अंक नहीं प्राप्त किए हैं, तृतीय श्रेणी में रखे जाएँगे।

(तीन) भाग–। परीक्षा में कोई श्रेणी नहीं दी जाएगी।

(चार) वे परीक्षार्थी, जिन्होंने उपरिलिखितानुसार अंक नहीं पाए है, परंतु इस अध्यादेश के पैरा–204 में निर्धारित न्यूनतम अंक में छूट दी जाती है, उत्तीर्ण घोषित किए जाएँगे और उनकी पात्रता के अनुसार उस श्रेणी में रखा जाएगाः

परंतु यह कि उस स्थिति में, जिस में परीक्षार्थी को कुल अंक बढ़ाने के लिए कृपांक दिए गए हों, कोई श्रेणी नहीं दी जाएगी।

(पांच) सैद्धांतिक विषय या प्रायोगिक परीक्षा में कुल अंक के न्यूनतम 75 प्रतिशत पाने वाले परीक्षार्थी को ''उत्कृष्ट'' (डिस्टिंक्शन) घोषित किया जाएगा ।

204–(एक) इस अध्यादेश में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, सैद्धान्तिक (लिखित) या प्रायोगिक में कुल अकों में 2 अंकों की कमी को छूट दी जाएगी।

(दो) यदि कोई अभ्यर्थी इस अनुच्छेद के उप–पैरा–(एक) के लाभ के बिना, परीक्षकों से प्राप्त अंकों के आधार पर परीक्षा उत्तीर्ण करता है, परंतु एक अंक से श्रेणी पाने में चूक जाता उस कुल अंक को एक अंक से बढ़ाया जाएगा, ताकि प्रथम या द्वितीय श्रेणी में, जैसी भी स्थिति हो, उसकी पात्रता हो सके। यह अतिरिक्त अंक अंक–सूची में अलग से दर्शाया जाएगा।

(तीन) अंकों में कमी की छूट के आधार पर उत्तीर्ण अभ्यर्थी को योग्यता–सूची में स्थान नहीं दिया जायेगा।

205–परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम को विवरण–पत्रिका में अलग से प्रकाशित किया जाएगा।

206–परीक्षा के बाद यथाशीघ्र कार्यपरिषद् क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी में सफल परीक्षार्थियों की सूची प्रकाशित करेगी, प्रथम श्रेणी में प्रथम तीन स्थान पाने वाले परीक्षार्थियों को गुणानुक्रम से रखा जाएगा।

207–निम्नांकित में से प्रत्येक की योग्यता–सूची अलग से होगी, नामशः –

(1) गायन;
(2) वाद्य संगीत (समस्त शाखाओं को समाहित करते हुए);
(3) तालवाद्य (समस्त शाखाओं को समाहित करते हुए);
(4) कथक नृत्य;
(5) भरतनाट्यम नृत्य;
(6) मणिपुरी नृत्य।

208–सफल परीक्षार्थी संगीत एवं नृत्य संकाय में विद्या परिषद् द्वारा विहित प्रपत्र में ''प्रबुद्ध'' नामक पत्रोपाधि (डिप्लोमा) प्राप्त करेगा।

209–

प्रबुद्ध–एक के प्रश्न-पत्रों की कार्य–योजना

क्र0	प्रश्न-पत्र का नाम	अधिकतम अंक	उत्तीर्णांक	प्रतिशत
1	सैद्धान्तिक–एक	100	33	33%
2	सैद्धान्तिक–दो	100	33	33%
3	आंतरिक मूल्यांकन	40	15	33%
4	प्रायोगिक	160	53	33%

प्रबुद्ध–दो के प्रश्न-पत्रों की कार्य–योजना

क्र0	प्रश्न-पत्र का नाम	अधिकतम अंक	उत्तीर्णांक	प्रतिशत
1	सैद्धान्तिक–I	100	33	33%
2	सैद्धान्तिक–II	100	33	33%
3	आंतरिक मूल्यांकन	40	15	33%
4	प्रायोगिक	160	53	33%

अध्यादेश संख्या–15

पारंगत परीक्षा (संगीत एवं नृत्य)

210–(एक) पारंगत की दो परीक्षाएँ निम्नानुसार होंगी, नामशः –

(क) पारंगत भाग–। परीक्षा

(ख) पारंगत भाग – ।। परीक्षा की अवधि

(दो) प्रत्येक भाग का पाठ्यक्रम एक शैक्षणिक वर्ष की अवधि का होगा।

21–परीक्षा प्रति वर्ष ऐसी दिनांक को आयोजित होगी, जैसा कि परीक्षा समिति द्वारा इस सम्बंध में नियत की जाएगी, उक्त दिनांक सामान्यतः परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो माह पूर्व अधिसूचित की जाएगी।

212–पारंगत भाग–। और पारंगत भाग–।। की परीक्षा के प्रवेशार्थी अभ्यर्थी को कम से कम पहले निम्नांकित परीक्षा उत्तीर्ण कर लेनी होगी, नामशः –

(1) पारंगत भाग–।

(एक) विश्वविद्यालय की प्रबुद्ध परीक्षा या उसके समकक्ष परीक्षा और कक्षा 10 उत्तीर्ण।

(2) पारंगत भाग–।।

(दो) विश्वविद्यालय के इस अध्यादेश के अधीन पारंगत भाग–। की परीक्षा ।

213–भाग–। या भाग–।। परीक्षा के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी की परीक्षा निम्नांकित विषयों में होगी, नामशः –

(एक) कंठ संगीत

अथवा

(दो) नृत्य (कथक/भरतनाट्यम/मणिपुरी)

अथवा

(तीन) वाद्य संगीत में–निम्नांकित में से किसी एक शाखा में, नामशः –

(क) सितार (ख) सरोद

(ग) वायलिन (घ) सारंगी

(ङ) गिटार (च) बाँसुरी

(चार) तालवाद्य संगीत–निम्नांकित में से किसी एक शाखा में :–

(छ) तबला (ज) पखावज

214–छात्र इस अध्यादेश के पैरा–212 में उल्लिखित संगीत में अंतिम अर्हता परीक्षा में प्रस्थापित मुख्य विषय के आधार पर पैरा–213 में से किसी एक विषय को पारंगत हेतु प्रस्थापित करेंगे।

215–(एक) परीक्षा में प्रवेश के लिए प्रत्येक आवेदन विहित प्रपत्र में होगा और इस निमित्त में यथाविहित समय के भीतर कुलसचिव को पहुंच जायेगा।

(दो) इस पाठ्यक्रम से सम्बंधित समस्त लागू होने वाली फीस को विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर विनिश्चय किया जायेगा।

216–शिक्षण–विभाग अथवा महाविद्यालय के प्राचार्य अथवा अन्यथा की रिपोर्ट पर कार्यपरिषद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में किसी भी स्तर पर प्रवेश देने से मना कर सकेगी या अपवर्जित कर सकेगी, यदि उसे समाधान हो जाता है कि ऐसा अभ्यर्थी उसमें प्रवेश के योग्य व्यक्ति नहीं है। अपवर्जन का कारण अभिलिखित किया जाएगा।

217–प्रश्न-पत्र, परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए आवश्यक अधिकतम और न्यूनतम अंक पैरा 223 के अनुसार होंगे।

218–(एक) परीक्षा में सफल होने के लिए परीक्षार्थी को प्रत्येक प्रश्न-पत्र हेतु न्यूनतम अंक और कुल प्राप्तांक प्राप्त करने होंगे, जैसा कि पैरा–223 में विहित है।

(दो) कुल अंक के 60 प्रतिशत या अधिक अंक पाने वाले सफल परीक्षार्थियों को प्रथम श्रेणी में रखा जाएगा, कुल अंक के 60 प्रतिशत से कम परंतु 45 प्रतिशत से अन्यून अंक पाने वालों को द्वितीय श्रेणी में रखा जाएगा, और अन्य सभी सफल परीक्षार्थियों को जिन्होंने कुल अंक के 45 प्रतिशत से कम किन्तु 33 प्रतिशत से कम अंक नहीं प्राप्त किए हैं, तृतीय श्रेणी में रखा जाएगा।

(तीन) भाग–एक परीक्षा में कोई श्रेणी प्रदान नहीं की जाएगी।

(चार) भाग–दो परीक्षा में श्रेणी का निर्धारण करने के लिए परीक्षार्थी द्वारा भाग–एक परीक्षा में प्राप्त अंकों का समावेश किया जाएगा।

219–परीक्षा–पाठ्यक्रम अलग से विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित किया जाएगा।

220–परीक्षा के बाद यथाशीघ्र कार्यपरिषद् प्रथम श्रेणी में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों के नाम को गुणानुक्रम में क्रमांकित करते हुए, परीक्षा में क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी में सफल परीक्षार्थियों की सूची प्रकाशित करेगी।

221–योग्यता–सूची निम्नांकित में से प्रत्येक की अलग–अलग होगी, नामशः –

(एक) गायन;

(दो) वाद्य संगीत (समस्त शाखाओं को समाहित करते हुए);

(तीन) तालवाद्य (समस्त शाखाओं को समाहित करते हुए);

(चार) कथक नृत्य;

(पांच) भरतनाट्यम नृत्य;

(छः) मणिपुरी।

222–सफल परीक्षार्थी संगीत एवं नृत्य संकाय में विद्यापरिषद् द्वारा विहित प्रपत्र में 'पारंगत' नाम से पत्रोपाधि (डिप्लोमा) प्राप्त करेगा।

223–पारंगत–एक और पारंगत–दो के प्रश्न-पत्रों की स्कीम नीचे दी गयी तालिका के अनुसार होगी। (परिशिष्ट–9)

पारंगत–एक के प्रश्न-पत्रों की स्कीम

प्रश्न-पत्र का नाम	अधिकतम अंक	उत्तीर्णांक	प्रतिशत
सैद्धान्तिक–एक	100	33	33%
सैद्धान्तिक–दो	100	33	33%
प्रायोगिक			
प्रक्रम	80	26	33%
मौखिकी	160	53	33%
आंतरिक मूल्यांकन	60	20	33%

पारंगत–दो के प्रश्न-पत्रों की स्कीम

प्रश्न-पत्र का नाम	अधिकतम अंक	उत्तीर्णांक	प्रतिशत
सैद्धान्तिक–एक	100	33	33%
सैद्धान्तिक–दो	100	33	33%
प्रायोगिक			
प्रक्रम	80	26	33%
मौखिकी	160	53	33%
आंतरिक मूल्यांकन	60	20	33%

अध्यादेश संख्या–16

द्विवर्षीय पत्रोपाधि (डिप्लोमा) परीक्षायें

224–(एक)विश्वविद्यालय के द्विवर्षीय पत्रोपाधि (डिप्लोमा) पाठ्यक्रम के लिए दो परीक्षाएँ होंगीः

भाग– एक

भाग–दो

(दो) प्रत्येक भाग एक शैक्षणिक वर्ष की अवधि तक विस्तृत होगा।

225–परीक्षा प्रतिवर्ष ऐसी दिनांक को आयोजित होगी, जैसा कि परीक्षा–समिति द्वारा इस सम्बंध में नियत की जाएगी। उक्त तिथि सामान्यतः परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम चार माह पूर्व अधिसूचित की जाएगी।

226–विश्वविद्यालय के अध्यादेश और विनियमों की आवश्यकताओं के अनुपालन के अध्यधीन प्रथमा परीक्षा में प्रवेश के लिए निम्नांकित व्यक्ति पात्रता रखेंगे, नामशः –

(एक) ठुमरी, दादरा और ध्रुपद, धमार में प्रवेश को छोड़कर भाग–एक में प्रवेशार्थी अभ्यर्थी विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त प्राथमिक शाला प्रमाण–पत्र परीक्षा के तहत कम से कम पाँचवी कक्षा उत्तीर्ण हो ।

(दो) ठुमरी, दादरा और ध्रुपद, धमार के लिए भाग–एक में प्रवेशार्थी अभ्यर्थी गायन में कम से कम प्रबुद्ध या इसके समकक्ष डिप्लोमा उत्तीर्ण हो अथवा विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त गायन को मुख्य विषय के रूप में लेकर स्नातक हो।

227–परीक्षा के लिए अध्ययन पाठ्यक्रम में अथवा प्रायोगिक कक्षाओं में उपस्थिति की कमी को सम्बंधित अध्यादेश के उपबंधों के अनुसार छूट दी जा सकती है।

228–भाग–एक एवं दो की परीक्षा के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी की निम्नांकित विषयों में से किसी में भी परीक्षा ली जाएगी, नामशः –

(एक) सुगम संगीत

(दो) हारमोनियम/सिंथेसाइजर

(तीन) लोकनृत्य

(चार) ध्रुपद–धमार

(पांच) ठुमरी–दादरा

229–(एक) परीक्षा के लिए प्रत्येक आवेदन विहित प्रपत्र में होगा और कुलसचिव को इस संबंध में विहित तिथि के अंतर्गत प्राप्त होगा।

(दो) विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर विहित शुल्क आवेदन के साथ संलग्न किया जायेगा।

230–विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के प्रमुख अथवा महाविद्यालय के प्राचार्य या अन्य किसी प्रकार से प्राप्त रिपोर्ट पर कार्यपरिषद् किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा के किसी भी प्रक्रम से मना कर सकती है या निष्कासित कर सकती है, यदि यह समाधान हो जाता है कि ऐसा अभ्यर्थी उसमें प्रवेश के योग्य व्यक्ति नहीं है। इस प्रकार किए गए निष्कासन का कारण अभिलिखित किया जाएगा।

231–प्रश्न-पत्रों एवं परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए विहित अधिकतम एवं न्यूनतम अंकों का विवरण पैरा–237 में है।

232–(एक) परीक्षा में सफल होने के लिए अभ्यर्थी को अलग–अलग सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक में परिशिष्ट–क में विहित न्यूनतम अंक प्राप्त करने होंगे।

(दो) कुल अंक के 60 प्रतिशत या अधिक अंक पाने वाले सफल परीक्षार्थियों को प्रथम श्रेणी में रखा जाएगा, कुल अंक के 60 प्रतिशत से कम परंतु 45 प्रतिशत से अन्यून अंक पाने वालों को द्वितीय श्रेणी में रखा जाएगा, और अन्य सभी सफल परीक्षार्थियों को, जिन्होंने कुल अंक के 45 प्रतिशत से कम, तथा परंतु 35 प्रतिशत से अन्यून अंक पाए हैं, तृतीय श्रेणी में रखा जाएगा।

(तीन) जो परीक्षार्थी उपर्युक्तानुसार अंक प्राप्त करने में असफल रहे हैं, परंतु इस अध्यादेश के पैरा–232 में यथाविहित न्यूनतम अंक के संबंध में कमी को उपमर्षित कर दिया गया है, उन्हें परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा और उन्हें उस श्रेणी में रखा जाएगा, जिसके वे पात्र हैं:

परन्तु यह कि ऐसे परीक्षार्थियों के प्रकरण में, जिन्हें कुल अंक बढ़ाने के लिए कृपांक दिया गया है, उन्हें कोई श्रेणी प्रदत्त नहीं की जाएगी।

(चार) सैद्धान्तिक विषय या प्रायोगिक परीक्षा में कुल अंकों में कम से कम 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी को ''विशिष्ट उपाधि'' (डिस्टिंक्शन) प्राप्त घोषित किया जाएगा ।

(पांच) किसी परीक्षा की योग्यता–सूची में अभ्यर्थी का स्थान उसके द्वारा परीक्षकों से प्राप्त अंकों के आधार पर अवधारित किया जायेगा।

(छः) अंकों की कमी के उपमर्षण से उत्तीर्ण अभ्यर्थी को योग्यता–सूची में नहीं रखा जाएगा।

233–परीक्षा का पाठ्य विवरण विश्वविद्यालय द्वारा अलग से प्रकाशित किया जाएगा।

234–परीक्षा के बाद, यथाशीघ्र किन्तु 30 जून से पूर्व कार्यपरिषद् प्रथम श्रेणी में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों के नाम गुणानुक्रम में क्रमांकित करते हुए, क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय और उत्तीर्ण श्रेणी के परीक्षार्थियों की सूची प्रकाशित करेगी।

235–निम्नांकित में से प्रत्येक की योग्यता–सूची अलग–अलग होगी, नामशः –

(एक) सुगम संगीत

(दो) हारमोनियम/सिंथेसाइजर

(तीन) लोकनृत्य

(चार) ठुमरी दादरा

(पांच) ध्रुपद धमार

236–सफल परीक्षार्थी परीक्षा परिषद द्वारा विहित प्रपत्र में डिप्लोमा (उपाधि-पत्र) प्राप्त करेगा।

237–द्विवर्षीय डिप्लोमा परीक्षा के लिए प्रश्न-पत्र एवं अधिकतम और न्यूनतम अंक निम्नानुसार होंगे

भाग– एक परीक्षा

क्र0 संख्या	प्रश्न-पत्र का नाम	अधिकतम अंक	न्यूनतम उत्तीर्णांक
1	प्रायोगिक	200	33%
2	सैद्धान्तिक	100	33%

भाग– दो परीक्षा

क्र0 संख्या	प्रश्न-पत्र का नाम	अधिकतम अंक	न्यूनतम उत्तीर्णांक
1	प्रायोगिक	200	33%
2	सैद्धान्तिक	100	33%

अध्यादेश संख्या–17

एक वर्षीय पत्रोपाधि (डिप्लोमा) परीक्षा

238–(एक) विश्वविद्यालय के एकवर्षीय पत्रोपाधि (डिप्लोमा) पाठ्यक्रम के लिए एक परीक्षा होगी।

(दो) पाठ्यक्रम की अवधि एक शैक्षणिक वर्ष होगी।

239–परीक्षा प्रति वर्ष ऐसी तिथि को होगी, जैसा कि परीक्षा–परिषद् द्वारा इस सम्बंध में नियत की जाएगी। सामान्यतः यह उक्त तिथि परीक्षा प्रारंभ होने के न्यूनतम चार माह पूर्व अधिसूचित की जाएगी।

240–विश्वविद्यालय के अध्यादेश एवं विनियमों के अनुपालन के अध्यधीन एकवर्षीय पत्रोपाधि (डिप्लोमा) परीक्षा में प्रवेश के लिए निम्नांकित व्यक्ति पात्र होंगे, नामशः – एकवर्षीय पत्रोपाधि (डिप्लोमा) में प्रवेशार्थी अभ्यर्थी ने विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त प्राथमिकशाला प्रमाण-पत्र परीक्षा के तहत कम से कम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण हों।

241–परीक्षा के लिए अध्ययन–पाठ्यक्रम में अथवा प्रायोगिक कार्य के लिए कक्षाओं में उपस्थिति में कमी की छूट सम्बंधित अध्यादेश के उपबंधों के अनुसार दी जा सकती है।

242–परीक्षा के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी की परीक्षा निम्नांकित में से किसी एक विषय में ली जाएगी, नामशः –

(एक) लोकगीत

(दो) ढोलक

243–(एक) परीक्षा में प्रवेश के लिए प्रत्येक आवेदन विहित प्रपत्र में होगा और इस सम्बंध में विहित समय के अंतर्गत कुलसचिव को प्राप्त हो जाएगा।

(दो) विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर विहित शुल्क आवेदन के साथ संलग्न किया जाएगा।

244–विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के प्रमुख अथवा महाविद्यालय के प्राचार्य अथवा अन्य किसी प्रकार से प्राप्त रिपोर्ट पर कार्यपरिषद् किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी स्तर पर परीक्षा में प्रवेश के लिए मना कर सकती है या उसे निष्कासित कर सकती है, यदि यह समाधान हो जाए कि ऐसा अभ्यर्थी उसमें प्रवेश के योग्य व्यक्ति नहीं है। इस प्रकार किए गए निष्कासन का कारण अभिलिखित किया जाएगा।

245–प्रश्न-पत्रों तथा परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए विहित अधिकतम एवं न्यूनतम अंक पैरा–251 में वर्णित है।

246–(एक) परीक्षा में सफल होने के लिए अभ्यर्थी को सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक में अलग–अलग पैरा–253 में विहित न्यूनतम अंक प्राप्त करने होंगे।

(दो) कुल अंक के 60 प्रतिशत या अधिक अंक पाने वाले सफल परीक्षार्थियों को प्रथम श्रेणी में रखा जाएगा, जिन्होंने 60 प्रतिशत से कम, परंतु 45 प्रतिशत से अन्यून अंक पाने वालों को द्वितीय श्रेणी में रखा जाएगा, और अन्य सफल परीक्षार्थी, जिन्होंने 45 प्रतिशत से कम परंतु कुल अंक के 33 प्रतिशत से अन्यून अंक प्राप्त किए हैं, तृतीय श्रेणी में रखे जाएंगे।

(तीन) परीक्षार्थी, जो उपर्युक्तानुसार अंक पाने में असफल रहे हैं, परंतु इस अध्यादेश के पैरा–251 में यथाविहित न्यूनतम अंकों के संबंध में कमी को उपमर्षित कर दिया गया है, उन्हें परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा और उन्हें उस श्रेणी में रखा जाएगा, जिसके वे पात्र हैं:

परन्तु यह कि उन परीक्षार्थियों को, जिन्होंने कुल अंक बढ़ाने के लिए कृपांक पाया है, कोई श्रेणी प्रदान नहीं की जाएगी।

(चार) सैद्धान्तिक विषय या प्रायोगिक परीक्षा में कुल अंक के कम से कम 75 प्रतिशत अंक पाने वाले परीक्षार्थी को ''विशष्टि उपाधि प्राप्त'' ''उत्कृष्ट'' (डिस्टिंक्शन) घोषित किया जाएगा।

(पांच) किसी परीक्षा की योग्यता सूची में किसी भी अभ्यर्थी का स्थान– निर्धारण परीक्षकों से प्राप्त अंकों के आधार पर अवधारित किया जाएगा।

(छः) अंकों में कमी के उपमर्षण से उत्तीर्ण अभ्यर्थी को योग्यता–सूची में नहीं रखा जाएगा।

247–परीक्षा के लिए पाठ्य विवरण विश्वविद्यालय द्वारा अलग से प्रकाशित किया जाएगा।

248–परीक्षा के बाद, यथाशीघ्र कार्यपरिषद् प्रथम श्रेणी में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों के नाम गुणानुक्रम में क्रमांकित करते हुए, क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय और उत्तीर्ण श्रेणी के परीक्षार्थियों की सूची प्रकाशित करेगी।

249–निम्नांकित में से प्रत्येक की योग्यता–सूची पृथक होगी, नामशः –

(एक) लोकगीत;

(दो) ढोलक।

250–सफल परीक्षार्थी परीक्षा–परिषद द्वारा विहित प्रपत्र में उपाधि-पत्र (डिप्लोमा) प्राप्त करेगा।

251–एक वर्षीय डिप्लोमा परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र एवं अधिकतम और न्यूनतम अंक नीचे दी गयी सारणी के अनुसार होंगे (परिशिष्ट)

क्र0 संख्या	प्रश्न-पत्र का नाम	अधिकतम अंक	न्यूनतम उत्तीर्णांक
1	प्रायोगिक	100	33%
2	सैद्धान्तिक	100	33%

अध्यादेश संख्या–18

विश्वविद्यालय–शिक्षण विभागों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययन पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों के प्रवेश की अंतिम तिथियां

252–(एक) विश्वविद्यालय–शिक्षण–विभागों अथवा सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश की अंतिम तिथि का विश्वविद्यालय द्वारा विनिश्चय किया जायेगा।

(दो) सम्बद्ध महाविद्यालयों अथवा विश्वविद्यालय–शिक्षण–विभागों में अभ्यर्थियों के प्रवेश की नियत तिथियों तक प्रविष्ट समस्त छात्रों की सूची विश्वविद्यालय के कुलसचिव को सम्बंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रत्येक स्थिति में नियत अंतिम तिथि के 30 दिनों के भीतर प्रस्तुत की जाएगीः

(तीन) परन्तु यह कि शैक्षणिक वर्ष के दौरान अन्य विश्वविद्यालयों से महाविद्यालय या विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग को प्रव्रजित छात्रों के प्रवेश के प्रकरण पर प्रत्येक स्थिति में प्रावीण्य के आधार पर अलग से विचार किया जाएगा।

253–शैक्षणिक वर्ष के प्रथम सेमेस्टर के दौरान कुलपति के अनुमोदन से छात्र को विषय–परिवर्तन की अनुज्ञा दी जा सकेगी।

254–छात्र महाविद्यालय अथवा शिक्षण विभाग के प्रमुख/प्राचार्य द्वारा स्वीकृत होने तथा विहित फीस संदाय करने के पश्चात् यथाशक्य उसके एक सदस्य के रूप में नामांकित हो जाएगा।

255–(1) किसी भी छात्र को एक महाविद्यालय से अन्य महाविद्यालय में अथवा एक महाविद्यालय से विश्वविद्यालय शिक्षण–विभागों में स्थानांतरित होने की अनुज्ञा त्याग या स्थानांतरण प्रमाण-पत्र के बिना नहीं दी जाएगी।

(2) विश्वविद्यालय के एक महाविद्यालय से अन्य महाविद्यालय में अथवा विश्वविद्यालय में शिक्षण विभागों में, या विपरीत क्रम से, स्थानांतरित होने वाले किसी भी छात्र को उस माह की अध्यापन फीस संदाय करना नहीं अपेक्षित होगा, जिस माह की अध्यापन फीस उस महाविद्यालय या विभाग में पहले से ही संदत्त कर दिया हो जहां से वह प्रव्रजित हुआ है।

256–यदि शैक्षणिक वर्ष के दौरान छात्र अपना महाविद्यालय या शिक्षण विभाग छोड़ने का प्रस्ताव रखता है, तो वह –

(एक) छोड़ने के अपने आशय की सूचना देगा;

(दो) तद्दिनांक तक की महाविद्यालय/विभाग को देय समस्त फीस का संदाय करेगा,

(तीन) अपने महाविद्यालय से संदत्त छात्रवृत्ति या वजीफा का प्रतिदाय करेगा, यदि महाविद्यालय/विभाग द्वारा ऐसा करने के लिए कहा जाता है।

(चार) महाविद्यालय/विभाग की किताबें/गणवेश/या अन्य सामग्री वापस करेगा अथवा उस सामग्री के लिए प्रतिकर संदाय करेगा, यदि ऐसा करने के लिए कहा जाए।

257—जब छात्र इस अध्यादेश के पैरा—256 में अपेक्षित समस्त संदाय कर दिए हों, तो प्राचार्य विद्यापरिषद् द्वारा विहित प्रपत्र में स्थानांतरण—प्रमाण-पत्र प्रदान करेगा। शिक्षण विभागों के प्रकरण में, प्रमाण-पत्र कुलसचिव द्वारा जारी किया जाएगा।

258—यदि कोई छात्र महाविद्यालय/विभाग की स्थानीय परीक्षा (होम इग्जामिनेशन) में अनुत्तीर्ण होने के कारण उच्चतर कक्षा में प्रोन्नत नहीं होता है, उसे ऐसी उच्चतर कक्षा में अन्य महाविद्यालय/विभाग में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

259—(1) महाविद्यालय का कोई भी छात्र यदि गंभीर दुराचरण अथवा सतत् निष्क्रियता का अपराधी है, महाविद्यालय का प्राचार्य/विश्वविद्यालय शिक्षण—विभाग का प्रमुख उसके अभिभावक को सूचित करने के बाद और उसके अपराध की प्रकृति और गंभीरता के आधार पर —

(क) निकाल सकेगा;

(ख) अस्थायी रूप से निष्कासित कर सकेगा;

(ग) कुलपति के अनुमोदन से ऐसे छात्र को उस परीक्षा का अभ्यर्थी होने से निरर्हित कर सकेगा, जिसके लिए वह महाविद्यालय में पाठ्यक्रम पूरा कर रहा था।

(2) छात्र को निष्कासित करने या अस्थायी तौर पर निष्कासित करने के आदेश की प्रति विश्वविद्यालय को ऐसे आदेश जारी करने के एक सप्ताह के भीतर अग्रेषित की जाएगी।

(3) विश्वविद्यालय या महाविद्यालय से विद्यार्थी के निष्कासन के अनुक्रम में उसका नाम नामांकित छात्रों की पंजी से हटा दिया जाएगा।

(4) विश्वविद्यालय या महाविद्यालय से छात्र के अस्थायी निष्कासन से वह अपने अस्थायी निष्कासन अवधि के दौरान समस्त पाठ्यक्रमों में उपस्थिति और समस्त महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय के विभागों तथा विश्वविद्यालय की समस्त परीक्षाओं में प्रवेश हेतु निरर्हित हो जाएगा।

(5) महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय से निष्कासन के अधीन किसी भी व्यक्ति को प्रव्रजन प्रमाण-पत्र नहीं दिया जाएगा और महाविद्यालय द्वारा या विश्वविद्यालय द्वारा अस्थायी तौर पर निष्कासित किसी भी व्यक्ति को अस्थायी तौर पर निष्कासन की अवधि के दौरान प्रव्रजन प्रमाण-पत्र नहीं दिया जाएगा।

अध्यादेश संख्या—19

परीक्षाओं के लिए अध्ययन—पाठ्यक्रमों में उपस्थिति की कमी का उपमर्षण

260—(एक) नीचे बिन्दु (दो) में अंतर्विष्ट उपबंधों के अध्यधीन किसी छात्र की अध्ययन पाठ्यक्रम, यथानिर्धारित प्रायोगिक कक्षाओं सहित, में 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति में किसी कमी पर विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के प्रमुख या महाविद्यालय प्राचार्य के द्वारा 5 प्रतिशत का उपमर्षण तथा इसके अलावा कुलपति द्वारा 10 प्रतिशत का उपमर्षण औचित्यपूर्ण आधार पर दिया जा सकेगा।

(दो) विभागाध्यक्ष और प्राचार्य आगामी परीक्षा प्रारंभ होने की तिथि के चार सप्ताह से अनधिक पूर्व उन छात्रों, जो पूर्ववर्ती उप—पैरा के अनुसार कमी के उपमर्षण के लिए हकदार हैं और जिन्होंने परीक्षा प्रवेश के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन किया है, परंतु प्रायोगिक कक्षाओं की विहित संख्या सहित शिक्षण—कक्षाओं की विहित संख्या में उपस्थित नहीं हुए हैं, प्रत्येक छात्र के मामले में स्पष्टतया निम्नलिखित अंकित करते हुए सूची भेजेंगे —

(क) प्रत्येक विषय में उपस्थिति में उसकी कमी का परिमाण;

(ख) अध्यादेश, 262 के अधीन यथापरिभाषित कुल उपस्थिति;

(ग) अपनी अनुशंसा कि कमी में उपमर्षण किया जाना; और

(घ) आधार, जिस पर अनुशंसा आधारित हो।

261—सूची कुलपति को प्रस्तुत की जाएगी, जो जिस आधार पर उपमर्षण माँगा गया है, और विभागाध्यक्ष/प्राचार्य द्वारा अनुशंसा की गई है, उस पर विचार करने के पश्चात् कमी का उपमर्षण कर सकेंगे या अस्वीकृत कर सकेंगे। कुलपति का विनिश्चय अंतिम होगा ।

262—उस छात्र को सम्बंधित महाविद्यालय के प्राचार्य/शिक्षण विभाग के प्रमुख द्वारा अधिकतम 10 प्रतिशत तक उपस्थिति में क्रेडिट दिया जाएगा, जिसने राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय, अंतर महाविद्यालयीन और अंतर विश्वविद्यालयीन खेलों में या अंतर विश्वविद्यालयीन या अंतर महाविद्यालयीन युवा—उत्सव और अन्य पाठ्यक्रमेतर क्रियाकलापों में महाविद्यालय/शिक्षण विभाग की ओर से भाग लिया हो और राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरों आदि में भाग लिया हो।

263–किसी भी विद्यार्थी छात्र को उपस्थिति की कमी में उपमर्षण की पात्रता नहीं होगी, जिसकी उपस्थिति 60 प्रतिशत से कम हो।

व्याख्याः– (एक) ''उपस्थिति'' का तात्पर्य–पाठ्यक्रम के लिए विहित प्रत्येक विषय के व्याख्यानों में कुल उपस्थिति से है।

(दो) इस प्रयोजन के लिए, प्रायोगिक कक्षाओं को, जहां विहित किया गया हो, विषय के रूप में माना जाएगा।

264–(एक) विश्वविद्यालयीन पाठ्यक्रमों के लिए महाविद्यालयों/शिक्षण विभागों के व्याख्यानों और यथा निर्धारित प्रायोगिक कार्य में विद्यार्थियों की उपस्थिति का विवरण प्रत्येक सत्र/सेमेस्टर के अंत में, (क) प्राचार्य/विश्वविद्यालय–शिक्षण विभाग के प्रमुख द्वारा विश्वविद्यालय को अग्रेषित किया जाएगा; और (ख) पाठ्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को सूचित किया जाएगा।

(दो) विवरण विश्वविद्यालय को सम्बंधित सत्र/सेमेस्टर के पूर्ण होने की तिथि से एक माह समाप्त होने से पूर्व अग्रेषित किया जाएगा।

अध्यादेश संख्या–20

डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएच0डी0) प्रदान करने सम्बंधी अध्यादेश

265–परिचय–

(1) भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ (जिसे आगे ''संस्कृति विश्वविद्यालय'' कहा जायेगा द्वारा डॉक्टरेट (पीएच0डी0) की उपाधि सर्वथा इसमें इसके पश्चात् समाविष्ट उपबंधों के अनुसार प्रदान की जाएगी।

(2) भारतीय, विदेशी और अप्रवासी भारतीय छात्रों का निर्णय शोध सलाहकार समिति द्वारा लिया जाएगा।

(3) पीएच0डी0 पाठ्यक्रम के लिए छात्रों की संख्या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार स्वीकार की जाएगी।

266–पंजीयन की पात्रता–

(क) संस्कृति विश्वविद्यालय की डॉक्टरेट के रजिस्ट्रीकरण के लिए अभ्यर्थी पात्र होगा, यदि वह संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण हो और निम्नांकित उपाधियों में से कोई एक उपाधि कम से कम 55 प्रतिशत कुल अंक प्राप्त हो या इसके समतुल्य ग्रेड, पॉइंट स्केल में, जहाँ ग्रेडिंग प्रणाली प्रचलित हो। 5 प्रतिशत अथवा इसके समतुल्य ग्रेड अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन–क्रीमी लेयर)/दिव्यांग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई0डबल्यू0एस0) और अन्य वर्गों के प्रत्याशियों को आयोग द्वारा समय-समय पर लिए गए निर्णय के अनुसार छूट दी जाएगी ।

(एक) एम0पी0ए0 (गायन/वादन संगीत/नृत्य) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू0जी0सी0) द्वारा मान्यता प्राप्त संगीत में समतुल्य स्नातकोत्तर उपाधि ।

(दो) एम0म्यूज/एम0 ए0/एम0 फिल0 (गायन/वादन संगीत/नृत्य) अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संगीत में समतुल्य उपाधि।

(तीन) शोध–परामर्शदात्री समिति के अनुमोदन के अध्यधीन किसी विदेशी विश्वविद्यालय से भारतीय शास्त्रीय गायन/वादन/नृत्य में स्नातकोत्तर)

(ख) यू0जी0सी0 और अन्य सम्बंधित परिनियामक/विनियामक निकायों द्वारा इस सम्बंध में जारी किए गए दिशानिर्देर्शों/मानको के दृष्टिगत और राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अपनायी गई आरक्षण–नीति को ध्यान में रखते हुए संस्थान द्वारा अधिसूचित मानदंड पर प्रवेश आधारित होगा।

(ग) संगीत और नृत्य में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) या कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति (जे0आर0एफ0) अर्हित अभ्यर्थी।

267–रजिस्ट्रीकरण की प्रक्रिया–

पीएच0डी0 पाठ्यक्रम के लिए रजिस्ट्रीकरण की प्रक्रिया निम्नानुसार होगीः–

(क) पीएच0डी0 पाठ्यक्रम के लिए रजिस्ट्रीकरण केवल उसी संकाय में होगा, जिसमें विद्यार्थी ने स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है।

(ख) आवेदन-पत्र की प्राप्ति की अंतिम दिनांक, प्रवेश परीक्षा की जानकारी और पीएच0डी0 पाठ्यक्रम के लिए पंजीयन–साक्षात्कार की घोषणा संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा प्रति वर्ष की जाएगी।

(ग) आवेदन के साथ पूर्वापेक्षति समस्त अभिलेखों की स्व–प्रमाणित प्रतियाँ संलग्न की जाएँगी। प्रव्रजन प्रमाण-पत्र (अंतर्राष्ट्रीय उपाधि के लिए आवश्यक नहीं) रजिस्ट्रीकरण के समय प्रस्तुत किया जाएगा।

(घ) विश्वविद्यालय में पीएच0डी0 पाठ्यक्रम के लिए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रवेश परीक्षा एवं अनुवर्ती साक्षात्कार के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा।

(ड.) यू0जी0सी0 (जे0आर0एफ0) परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को छोड़ कर समस्त अभ्यर्थियों को संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा में प्रविष्ट होना पड़ेगा।

(च) यू0जी0सी0 (जे0आर0एफ0) परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित साक्षात्कार में उपस्थित होना पड़ेगा, जिसमें उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी शोध अभिरुचि एवं शोध क्षेत्र पर विमर्श करें। इसके अतिरिक्त उन्हें साक्षात्कार के दौरान अपने विशिष्ट विषय में प्रस्तुति देनी होगी।

(छ) प्रवेश–परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए न्यूनतम अंक 50 प्रतिशत होंगेः

परंतु यह कि 5 प्रतिशत अंकों की छूट प्रवेश परीक्षा में उन अभ्यर्थियों के लिए होगी, जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई0डबल्यू0एस0) और आयोग द्वारा समय–समय पर लिए गए निर्णयानुसार अन्य वर्गों के अभ्यर्थी होंगे।

(ज) प्रवेश–परीक्षा के पाठ्यक्रम में 50 प्रतिशत शोध–प्रविधि और 50 प्रतिशत विषय विशेष होगा। जो अभ्यर्थी प्रवेश–परीक्षा उत्तीर्ण होंगे, उन अभ्यर्थियो के लिए विश्वविद्यालय साक्षात्कार, मौखिक परीक्षा आयोजित करेगा।

(झ) अभ्यर्थी को अपने प्रस्तावित शोध–कार्य के लिए आवश्यक अर्हता रखनी होगी। शोध का प्रस्तावित क्षेत्र विद्यमान ज्ञान–क्षेत्र में कुछ जोड़ने वाला हो।

(ञ) शोध का विषय संस्कृति विश्वविद्यालय के संकायों के अनुरूप हो।

(ट) स्नातकोत्तर उपाधि की अंक–सूची/ग्रेड शीट और प्रव्रजन प्रमाण-पत्र की प्रमाणित प्रतियाँ आवेदन प्रपत्र के साथ संलग्न होनी चाहिए। प्रव्रजन–प्रमाण-पत्र आवेदन प्रस्तुत करने की दिनांक से अधिकतम छह माह के अंदर जमा कर देना होगा ।

(ठ) संस्कृति विश्वविद्यालय के अध्यापकों एवं अन्य संस्थानों में कार्यरत अभ्यर्थियों को आवेदन नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एन0ओ0सी0) एवं अध्ययन– अवकाश की अनुमति के साथ प्रस्तुत करना होगा।

268–जाँच समिति (स्क्रीनिंग कमेटी)–

(1) पीएच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के उद्देश्य से जाँच समिति का गठन निम्नानुसार होगाः–

(क)	कुलपति	– अध्यक्ष
(ख)	संकायाध्यक्ष एवं सम्बंधित संकाय के विभागाध्यक्ष	– सदस्य
(ग)	कुलपति द्वारा नियुक्त विषय–विशेषज्ञ/क्षेत्र–विशेषज्ञ	– सदस्य
(घ)	शोध समन्वयक	– सदस्य
(ङ)	कुलपति द्वारा नियुक्त पीएच0डी0 विनियमों से भली भाँति अवगत बाह्य विशेषज्ञ	– सदस्य
(च)	उस सम्बंधित विभाग के संकाय सदस्य, जिनके अधीन स्थान रिक्त है	– सदस्य

(2) कुलपति की अनुपस्थिति में सम्बंधित संकाय के अध्यक्ष/विभाग–प्रमुख बैठक की अध्यक्षता करेंगे। ऐसी स्थिति में संकायाध्यक्ष द्वारा एक और अध्यापक को समिति के सदस्य के रूप में आमंत्रित किया जाएगा, तथापि यदि संकायाध्यक्ष विभाग–प्रमुख उपलब्ध न हो, कुलपति संकाय के किसी भी अध्यापक को सदस्य के रूप में आमंत्रित कर सकते हैं।

269–पूर्व पीएच0डी0 (कोर्स वर्क)–

(1) प्रवेश के बाद प्रत्येक अभ्यर्थी को एक सेमेस्टर (छह माह) की न्यूनतम अवधि के लिए (कोर्स वर्क) करना होगा।

(2) पीएच0डी0 कोर्सवर्क के लिए न्यूनतम 12 क्रेडिट की आवश्यकता है, जिसमें यू0जी0सी0 के द्वारा 2019 में अधिसूचित डी0ओ0 नं. एफ–1–1/2018 (जर्नल/ CARE) के अनुसार, ''रिसर्च एंड पब्लिकेशन एथिक्स'' (शोध एवं प्रकाशन नीति) और एक शोध–प्रविधि पाठ्यक्रम और बेसिक्स ऑफ कम्प्यूटर ऐप्लिकेशन का पाठ्यक्रम होगा।

(3) सभी विषयों के सभी पीएच0डी0 शोधार्थियों को अपनी शोध अवधि में अपने चयनित पीएच0डी0 विषय से सम्बंधित अध्यापन/शिक्षा/शिक्षाशास्त्र/लेखन में प्रशिक्षित होना आवश्यक है। पीएच0डी0 शोधार्थियों को अनुशिक्षण कार्य एवं मूल्यांकन हेतु प्रति सप्ताह 4–6 घण्टे का सहायक के रूप में कार्य नियत किया जा सकता है।

(4) एक सेमेस्टर पूर्ण होने के बाद अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा में सम्मिलित होना पड़ेगा और अपने रिसर्च टॉपिक पर प्रस्तुतीकरण शोध–परामर्शदात्री समिति के समक्ष देना अपेक्षित होगा। पीएच0डी0 शोधार्थी को कोर्सवर्क में शोध–पाठ्यक्रम को जारी रखने के लिए तथा शोध–प्रबंध जमा करने के लिए पात्रता प्राप्त करने हेतु न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक या यू0जी0सी0 के 10 पॉइंट स्केल में इसके समतुल्य ग्रेड प्राप्त करना होगा।

(5) सम्पन्न कोर्सवर्क में अर्जित क्रेडिट एकेडेमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स की एक संस्था से अन्य संस्था में स्थानान्तरणीय होंगे। सभी नए पीएच0डी0 प्रवेशकों को, चाहे किसी भी विषय से हों, डॉक्टरल प्रशिक्षण अवधि के दौरान अपनी पीएच0डी0 के लिए चयनित विषय से संबंधित अध्यापन/शिक्षा/शिक्षा शास्त्र/लेखन में क्रेडिट आधारित पाठ्यक्रम अपेक्षित होगा।

(6) यदि कोई अभ्यर्थी प्री–पीएच0डी0 कोर्सवर्क में असफल होता है, उसे उक्त पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण करने के लिए छह माह का एक और अवसर दिया जाएगा, जिसमें असफल होने पर अग्रेतर कोई अवसर नहीं दिया जाएगा।

270–शोध–पर्यवेक्षक का आवंटन–

(1) संस्कृति विश्वविद्यालय के स्थायी संकाय–सदस्य, जो पीएच0डी0 प्राप्त आचार्य/सह–आचार्य के रूप में कार्यरत हों और जिसके पीयर–रिव्यूड या रेफरीड जर्नल में कम से कम पाँच शोध–प्रकाशन हों और स्थायी संकाय सदस्य जो पीएच0डी0 प्राप्त सहायक आचार्य के रूप में कार्यरत हों और जिनके पीयर–रिव्यूड या रेफरीड जर्नल में न्यूनतम तीन शोध–प्रकाशन हों, को शोध–पर्यवेक्षक के रूप में मान्यता दी जा सकेगी।

(2) प्रत्येक चयनित छात्र के लिए शोध–पर्यवेक्षक का आवंटन संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा विनिश्चय किया जायेगा, जो प्रत्येक संकाय सदस्य के लिए विद्यार्थियों की संख्या, संकाय पर्यवेक्षकों में उपलब्ध विशेषीकरण, और साक्षात्कार के दौरान छात्र द्वारा यथाउपदर्शित शोध अभरूचि पर निर्भर होगा। पर्यवेक्षकों के आवंटन पर अंतिम विनिश्चय शोध–परामर्शदात्री समिति के द्वारा किया जाएगा।

(3) पात्र आचार्य/सह–आचार्य/सहायक आचार्य किसी प्रदत्त अवधि में क्रमशः आठ (08)/छह (06)/चार (04) पीएच0डी0 शोधार्थियों का मार्गदर्शन कर सकेंगे।

271–प्रगति प्रतिवेदन–

(1) शोधार्थी को अनिवार्यतः संस्कृति विश्वविद्यालय को उस अवधि में किए गए कार्य का छमाही प्रगति–प्रतिवेदन विहित प्रारूप में अपने पर्यवेक्षक के माध्यम से प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा, जिसे शोध परामर्शदात्री समिति के समक्ष अवलोकनार्थ रखा जाएगा।

(2) यदि कार्य की प्रगति दो क्रमिक प्रतिवेदनों में संतोषजनक नहीं पाई जाती है अथवा एक वर्ष में कोई प्रतिवेदन नहीं प्राप्त होता है और यदि अभ्यर्थी विहित फीस जमा नहीं कर पाता है, तो कुलपति सम्बंधित अभ्यर्थी का रजिस्ट्रीकरण निरस्त करने का आदेश दे सकेगा। कुलपति द्वारा की गई ऐसी अनुशंसा विद्या परिषद् की बैठक में रखी जाएगी, जो अपनी अनुशंसा क्रम से कार्यपरिषद् को इस प्रकरण पर अंतिम विनिश्चय के लिए देगी।

272–शोध सलाहकार समिति एवं उसके कृत्य–

(1) प्रत्येक पीएच0डी0 शोधार्थी के लिए एक शोध–सलाहकार समिति होगी। संबंधित पीएच0डी0 शोधार्थी का शोध–पर्यवेक्षक इस समिति का संयोजक होगा और समिति के निम्नांकित दायित्व होंगेः–

(एक) शोध–प्रस्ताव की समीक्षा करना और शोध–विषय को अंतिम रूप देना।

(दो) पीएच0डी0 शोधार्थी को उसके अध्ययन की रूपरेखा एवं शोध–प्रविधि विकसित करने में मार्गदर्शन करना और उस पाठ्यक्रम को निर्दिष्ट करना, जिसे उसे करना है।

(तीन) पीएच0डी0 शोधार्थी के शोध–कार्य की प्रगति में समय–समय पर समीक्षा एवं सहायता करना।

(2) शोध–सलाहकार समिति के समक्ष पीएच0डी0 शोधार्थी को प्रत्येक सेमेस्टर में मूल्यांकन एवं अग्रेतर मार्गदर्शन हेतु अपने कार्य की प्रगति का प्रस्तुतीकरण करेगा और संक्षप्ति प्रस्तुत करेगा। शोध–सलाहकार समिति पीएच0डी0 शोधार्थी के प्रगति प्रतिवेदन के साथ अपनी संस्तुति सम्बंधित उच्चतर शिक्षण संस्थान को प्रस्तुत करेगी। ऐसी संस्तुति की एक प्रति पीएच0डी0 छात्र को भी दी जाएगी।

(3) यदि पीएच0डी0 शोधार्थी की प्रगति असंतोषजनक है, तो शोध–सलाहकार समिति उसके कारणों को अभिलिखित करेगी और सुधारात्मक उपाय सुझाएगी। यदि पीएच0डी0 शोधार्थी इन सुधारात्मक उपायों को क्रियान्वित करने में असफल रहता है, तो शोध–सलाहकार समिति विशेष कारणों के साथ पीएच0डी0 शोधार्थी का रजिस्ट्रीकरण पीएच0डी0 पाठ्यक्रम से निरस्त करने की अनुशंसा कर सकेगी।

273–शोध की अवधि–

(1) पीएच0डी0 पाठ्यक्रम कोर्स वर्क को सम्मिलित कर न्यूनतम तीन वर्ष की अवधि और अधिकतम छह वर्ष की अवधि का होगा।

(2) महिला–अभ्यर्थी और दिव्यांगजन (40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता) को पीएच0डी0 के लिए अधिकतम अवधि में दो वर्ष की शिथिलता अनुज्ञात की जा सकेगी।

(3) इसके अतिरिक्त, महिला–अभ्यर्थी को मातृत्व अवकाश/शिशुपालन–अवकाश संपूर्ण पीएच0डी0 अवधि में एक बार 240 दिन तक के लिए दिया जा सकेगा।

274–उपस्थिति और क्षेत्र–कार्य–

(1) शोधार्थी की उपस्थिति एक शैक्षणिक सत्र में कार्य दिवसों के अनुसार होगी। शोधार्थी की उपस्थिति का सत्यापन शोध–पर्यवेक्षक द्वारा किया जाएगा। शोधार्थी का उपस्थिति–प्रमाण-पत्र पर्यवेक्षक द्वारा अनिवार्यतः शोध–प्रबंध प्रस्तुत करते समय प्रस्तुत किया जाएगा।

(2) शोधार्थी शोध–पर्यवेक्षक की संस्तुति पर क्षेत्र–कार्य के लिए बाहर जा सकेगा। शोधार्थी को क्षेत्र–कार्य–प्रतिवेदन और सम्बंधित संगठन/अधिकारी का प्रमाण-पत्र शोध–पर्यवेक्षक द्वारा सम्यक् रूप से अग्रेषित कराके शोध–समन्वयक को प्रस्तुत करेगा।

275–शोध–अवधि का विस्तार–

(1) अभ्यर्थी को शोध–विषय के रजिस्ट्रीकरण की तिथि से तीन वर्ष पूर्ण होने के पश्चात् एक और सेमेस्टर की वृद्धि के लिए आवेदन करने हेतु पात्र होगा। अभ्यर्थी को शोध–विषय के रजिस्ट्रीकरण की दिनांक से चार वर्ष के भीतर अपना शोध–प्रबंध पूर्ण करेगा। विद्या परिषद शोध–सलाहकार समिति (आर0ए0सी0) की अनुशंसा पर अतिरिक्त दो वर्ष की अवधि बढ़ा सकेगी।

(2) इस सम्बंध में शोधकर्ता द्वारा आवेदन आवश्यक फीस के साथ जमा किया जाएगा।

(3) शोध सलाहकार समिति (आर0ए0सी0) द्वारा विशेष परिस्थितियों के अधीन एक बार में छह माह का विस्तार दिया जाएगा। कुलपति एक बार में दो सत्र एक साथ बढ़ा सकेगा।

(4) शोध–कार्य पूर्ण करने की कुल अवधि छह वर्ष होगी। किसी भी स्थिति में, शोध विषय की रजिस्ट्रीकरण तिथि से छह वर्ष समाप्त होने के बाद अभ्यर्थी को शोध–प्रबंध प्रस्तुत करने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी। पूर्वोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् अभ्यर्थी का रजिस्ट्रीकरण विश्वविद्यालय द्वारा निरस्त कर दिया जाएगा।

276–शोध–प्रबंध की भाषा–

पीएच0डी0 हेतु शोध–प्रबंध केवल अंग्रेजी या हिंदी में लिखा जाएगा।

277–पूर्णप्राय शोध–प्रबंध–

(1) अभ्यर्थी शोध–प्रबंध जमा करने के न्यूनतम छह माह पूर्व प्रस्तुतीकरण का आयोजन करने के लिए पर्यवेक्षक के माध्यम से सम्बंधित विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष को सूचित करेगा।

(2) शोध–प्रबंध जमा करने से पूर्व अभ्यर्थी विभाग में पूर्व–प्रस्तुतीकरण करेगा, जो प्रतिपुष्टि व टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए सभी संकाय सदस्यों एवं शोधार्थियों के लिए खुला होगा जिन्हें प्रारूप शोध–प्रबंध में पर्यवेक्षक के परामर्श के अधीन सम्मिलित किया जाएगा।

(3) अभ्यर्थी शोध–प्रबंध मूल्यांकन के लिए प्रस्तुत करने के पूर्व प्रमुखता से रेफरीड जर्नल या यू0जी0सी0 सी0ए0आर0ई0– लिस्टेड जर्नल में एक शोध–पत्र प्रकाशित करेगा और सम्मेलनों/संगोष्ठियों में दो शोध–पत्रों का प्रस्तुतीकरण करेगा, और उनका प्रमाण प्रस्तुतीकरण– प्रमाण-पत्र या पुनर्मुद्रण (री–प्रिंट) के रूप में प्रस्तुत करेगा।

(4) अभ्यर्थी को पूर्व–प्रस्तुतीकरण के छह माह के भीतर शोध–प्रबंध जमा करना होगा।

278–शोध–प्रबंध जमा करना–

(1) शोध–प्रबंध परीक्षा के लिए तब तक स्वीकार्य नहीं होगा, जब तकः–

(एक) इस अध्यादेश द्वारा शोध–कार्य को संपन्न करने के लिए विहित अवधि के भीतर शोध–प्रबंध प्रस्तुत न किया गया हो ।

(दो) शोध–प्रबंध का टंकण अद्यतन एम0एल0ए0 (आधुनिक भाषा संघ) के मार्गदर्शक सिद्धान्तों का अनुसरण करते हुए कागज के एक तरफ न किया गया हो।

(2) टंकण का विहित प्रारूप निम्नानुसार होगा–

(क) अंग्रेजी–टंकण

(एक)	फॉन्ट स्टाइल	– टाइम्स न्यू रोमन
(दो)	फॉन्ट साइज	– 12
(तीन)	स्पेसिंग	– 2.0

(ख) हिंदी – टंकण

(एक)	फॉन्ट स्टाइल	– एरियल यूनीकोड एम0एस0 / कोकिला / अपराजिता
(दो)	फॉन्ट साइज	– 14
(तीन)	स्पेसिंग	– 2

(3) अभ्यर्थी शोध–प्रबंध की दो सॉफ्ट प्रतियों एवं सारांश की चार प्रतियों सहित शोध–प्रबंध की पाँच प्रतियाँ जमा करेगा, जिनमें से शोध–प्रबंध की एक प्रति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को भेजी जायेगी।

(4) साहित्यिक चोरी।

सम्बंधित उच्चतर शिक्षण संस्था के पास शोध–कार्य में साहित्यिक चोरी का पता लगाने के लिए सुविकसित सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन का प्रयोग करने वाली क्रियाविधि होगी और शोध–निष्ठा पीएच0डी0 उपाधि प्राप्त करने के लिए की गई सभी शोध गतिविधियों का अभिन्न अंग होगी।

(5) पीएच0डी0 शोधार्थी मूल्यांकन हेतु शोध–प्रबंध– निम्नलिखित के साथ, प्रस्तुत करेगा,

(क) पीएच0डी0 शोधार्थी के वचनबद्ध कि इसमें कोई साहित्यिक चोरी नहीं है,

(ख) शोध–पर्यवेक्षक से शोध–प्रबंध की मौलिकता और शोध–प्रबंध किसी अन्य उच्चतर शिक्षण संस्था में अन्य उपाधि / डिप्लोमा के लिए प्रस्तुत नहीं किया गया है, का सत्यापन करने का प्रमाण-पत्र।

(6) पीएच0डी0 शोधार्थी शोध–प्रबंध की एक प्रति पर्यवेक्षक को देगा। शोध–प्रबंध की प्रति शोधकर्ता या पर्यवेक्षक को लौटाई नहीं जाएगी।

(7) पीएच0डी0 शोधार्थी पूर्व में अपने द्वारा स्वतंत्र रूप से या संयुक्त रूप से प्रकाशित शोध–प्रबंध को आगे बढ़ाने में योगदान करने से सम्बंधित सहायक सामग्री भी प्रस्तुत करेगा।

(8) संस्कृति विश्वविद्यालय पुस्तकालय, शुल्क–प्रभाग एवं छात्रावास इत्यादि से पीएच0डी0 शोधार्थी द्वारा ''अशेष'' (नो ड्यूज) प्रमाण-पत्र का प्रस्तुतीकरण भी अनिवार्य होगा।

279–घोषणा–

(1) परीक्षण के लिए शोध–प्रबंध जमा करते समय अभ्यर्थी हस्ताक्षरित घोषणा प्रस्तुत करेगा।

(2) शोध प्रबंध की मौलिकता सत्यापित करने वाला पर्यवेक्षक का प्रमाण-पत्र सम्बंधित संकाय / विभाग के संकायाध्यक्ष / एच0ओ0डी0 द्वारा अग्रेषित किया जाएगा। यदि संकायाध्यक्ष / एच0ओ0डी0 उपलब्ध न हो, वरिष्ठतम अध्यापक पर्यवेक्षक ऐसा प्रमाण–पत्र अग्रेषित कर सकेगा।

(3) साहित्यिक चोरी–प्रतिवेदन भी शोध–प्रबंध के साथ संलग्न किया जाएगा।

280–परीक्षकों की नियुक्ति–

(1) परीक्षकों का पैनल है (विशेषज्ञों के न्यूनतम छह नाम) संकायाध्यक्ष द्वारा विभागाध्यक्ष से विमर्श करने के पश्चात् प्रस्तुत किया जाएगा। यदि आवश्यक हो, पर्यवेक्षक से भी परीक्षकों के नामों के लिए विमर्श किया जा सकेगा। यदि आवश्यक हो, कुलपति कुछ और परीक्षकों के नाम परीक्षकों के पैनल में सम्मिलित कर सकेगा। संकायाध्यक्ष की अनुपस्थिति में, कुलपति सम्बंधित विभागाध्यक्ष से परीक्षकों के नामों के लिए कह सकेगा।

(2) मूल्यांकन के लिए शोध–प्रबंध कुलपति द्वारा अनुमोदित पैनल से दो परीक्षकों को निर्दिष्ट किया जाएगा, जिनमें से एक परीक्षक अन्य राज्य से अवश्य होगा।

281–शोध का मूल्यांकन–

(1) शोध–प्रबंध की आगामी प्रक्रिया के लिए दोनों परीक्षकों का अनुकूल प्रतिवेदन अनिवार्य होगा।

(2) यदि कोई परीक्षक शोध–प्रबंध की प्राप्ति के दिनांक से दो (02) माह की अवधि के भीतर प्रतिवेदन नहीं भेजता है, तो कुलपति पैनल से एक नया परीक्षक नियुक्त कर सकेगा।

(3) यदि कोई एक परीक्षक शोध–प्रबंध को अस्वीकृत करता है, तो उसे तृतीय परीक्षक को निर्दिष्ट किया जाएगा, जिसका विनिश्चय अंतिम होगा। तृतीय परीक्षक की नियुक्ति कुलपति द्वारा पूर्वोक्त छह नामों के पैनल में से की जाएगी।

(4) यदि दोनों परीक्षकों के प्रतिवेदन नकारात्मक हैं, तो प्रतिवेदनों को विद्या परिषद् के समक्ष अनुशंसा के लिए रखा जाएगा और कार्य परिषद् अंतिम विनिश्चय करेगी।

(5) पीएच0डी0 शोध–प्रबंध के मूल्यांकन की संपूर्ण प्रक्रिया मौखिक परीक्षा परिणाम की घोषणा को सम्मिलित कर शोध–प्रबंध जमा करने की तिथि से छह माह की अवधि के भीतर संपन्न की जाएगी।

282–मौखिक परीक्षा–

(1) संतोषजनक मूल्यांकन प्रतिवेदन की प्राप्ति पर, अभ्यर्थी मौखिक परीक्षा से गुजरेगा, जिसे शोध–प्रबंध के एक परीक्षक द्वारा संचालित किया जाएगा।

(2) यदि दोनों परीक्षक मौखिक परीक्षा लेने में असमर्थ हैं, कुलपति किसी अन्य विषय– विशेषज्ञ को मौखिक परीक्षा लेने के लिए नियुक्त करेगा।

(3) मौखिक परीक्षा कुलपति द्वारा इस प्रयोजनार्थ नियुक्त समिति द्वारा इस शर्त के अध्यधीन संचालित की जाएगी कि पर्यवेक्षक आंतरिक परीक्षक होगा और शोध–प्रबंध के परीक्षकों में से न्यूनतम एक अनिवार्यतः समिति का सदस्य होगा।

(4) यदि पर्यवेक्षक मौखिक परीक्षा के लिए उपलब्ध नहीं हैं, तो कुलपति किसी अन्य विषय–विशेषज्ञ को परीक्षा संचालित करने के लिए नियुक्त करेगा।

(5) यदि अभ्यर्थी मौखिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण होता है, उसे सम्मिलित होने का एक और अवसर प्रदान किया जाएगा। यदि अभ्यर्थी द्वितीय मौखिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण होता है, तो शोध–प्रबंध को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

(6) मौखिक परीक्षा विनिर्दिष्ट तिथि एवं समय पर केवल परीक्षक की सहमति से ही आयोजित की जाएगी। यदि परीक्षक मौखिक परीक्षा में उपस्थित है और अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित है, तो अभ्यर्थी को अगली मौखिक परीक्षा से संबंधित समस्त व्यय–भार का वहन करेगा। अभ्यर्थी को मौखिक परीक्षा में उपस्थित न होने का कारण भी लिखित में बताना होगा।

(7) मौखिक परीक्षा ''ऑनलाइन'' भी संचालित की जा सकेगी। मौखिक परीक्षा शोध– सलाहकार समिति/संकाय–सदस्यों/शोधार्थियों/और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए खुली होगी।

283–परीक्षकों का प्रतिवेदन– मौखिक परीक्षा के पश्चात, परीक्षकों का प्रतिवेदन और मौखिक परीक्षा का परिणाम अकादमिक परिषद के समक्ष रखा जाएगा जो इसके पश्चात् की प्रक्रिया का पालन करेगी।

284–दूरस्थ माध्यम से और नियमित रोजगार में पीएच0डी0–

(एक) इस अध्यादेश या तत्समय प्रवृत्त विश्वविद्यालय के किसी अन्य नियम या विनियम में किसी बात के अन्यथा होते हुए भी कोई विश्वविद्यालय/महाविद्यालय पीएच0डी0 पाठ्यक्रम दूरस्थ शिक्षा–माध्यम/ऑनलाइन माध्यम से संचालित नहीं करेगा।

(दो) सेवारत अभ्यर्थी पीएच0डी0 करने के लिए अनुज्ञात होंगे, परन्तु यह कि इस अध्यादेश में उल्लिखित समस्त पात्रता–शर्तें पूर्ण करें।

285–अनंतिम प्रमाण-पत्र जारी करना– वास्तविक उपाधि प्रदान करने के पूर्व, उपाधि देने वाली संस्था इस आशय का अनंतिम प्रमाण-पत्र जारी करेगी कि उपाधि यू0जी0सी0 विनियमों के उपबंधों के अनुसार प्रदान की गई है।

286–आई0एन0एफ0एल0आई0बी0एन0ई0टी0 केन्द्र (सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र) पर पीएच0डी0 शोध प्रबंध का प्रस्तुतीकरण–

मूल्यांकन प्रक्रिया के सफल समापन के पश्चात् और पीएच0डी0 उपाधि (उपाधियां) प्रदान करने की घोषणा से पूर्व विश्वविद्यालय पीएच0डी0 शोध–प्रबंध की एक इलेक्ट्रॉनिक प्रति आई0एन0एफ0एल0 आई0बी0एन0ई0टी0 को समस्त संस्थाओं/महाविद्यालयों के लिए सुगम बनाने हेतु उसे सुरक्षित रखने के लिए देगा।

287–शोध–प्रबंध का पुनरीक्षण–

(1) एक या दोनों परीक्षकों की अनुशंसा पर संस्कृति विश्वविद्यालय अभ्यर्थी को शोध–प्रबंध को पुनरीक्षित रूप में परीक्षकों से संसूचना प्राप्ति की तिथि छह माह की अनधिक अवधि के भीतर पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति दे सकेगा।

(2) किसी भी अभ्यर्थी को पुनरीक्षित रूप में शोध–प्रबंध प्रस्तुत करने के लिए एक से अधिक बार अनुमति नहीं दी जाएगी।

288–शोध–प्रबंध का प्रकाशन–

(1) अभ्यर्थी को अपने शोध प्रबंध के प्रकाशन के पूर्व संस्कृति विश्वविद्यालय को लिखित रूप में सूचित करना होगा। अभ्यर्थी द्वारा या अभ्यर्थी के निमित्त या किसी अन्य व्यक्ति या अभिकरण द्वारा प्रकाशित शोध–प्रबंध, जिस पर संस्कृति विश्वविद्यालय ने डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की है, में प्रमुख रूप से दर्शाया जाएगा कि शोध–प्रबंध संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्याशी के लिए स्वीकृत किया गया था।

(2) अभ्यर्थी संस्कृति विश्वविद्यालय को प्रकाशित शोध–प्रबंध की दो प्रतियाँ प्रस्तुत करेगा।

289– पर्यवेक्षक–परिवर्तन–

यदि अभ्यर्थी तर्कपूर्ण कारणों से अपना पर्यवेक्षक बदलना चाहता है, तो आर0ए0सी0 के अनुमोदन के पश्चात् कुलपति द्वारा अनुमति दी जा सकेगी। ऐसे मामलों में वर्तमान पर्यवेक्षक प्रस्तावित पर्यवेक्षक और अभ्यर्थी की पारस्परिक सहमति आवश्यक होगी।

290–विदेशी एवं अप्रवासी भारतीय छात्र–

(1) संस्कृति विश्वविद्यालय विदेशी एवं अप्रवासी भारतीय (एन0आर0आई0) छात्रों को अनुमति दे सकेगा, जो अपने डॉक्टरल, पोस्ट–डॉक्टरल या अन्य शोध–परियोजनाओं के लिए अल्पकालीन प्रत्याशी के रूप में भारत आते हैं। संस्कृति विश्वविद्यालय में अपने डॉक्टरल या पोस्ट–डॉक्टरल परियोजनाओं के संबंध में अल्पकालिक अभ्यर्थी के रूप में भारत आये हों।

(2) अपनी डॉक्टरल या पोस्ट डॉक्टरल परियोजनाओं हेतु संस्कृति विश्वविद्यालय में अभ्यर्थी के रूप में स्वयं का रजिस्ट्रीकरण कराने के इच्छुक विदेशी और अप्रवासी छात्रों को कड़ाई से यू0जी0सी0 सन्नियमों का पालन करना होगा और उनका रजिस्ट्रीकरण कड़ाई से यू0जी0सी0 सन्नियमों के अनुसार होगा।

(3) दोनों मामलों में आर0ए0सी0 का विनिश्चय अंतिम होगा।

291–पीएच0डी0 का निरस्तीकरण–

अभ्यर्थी को पीएच0डी0 प्रदान किए जाने के पश्चात् यदि किसी समय यह पता चलता है कि उक्त पीएच0डी0 के प्रदाय में तात्विक अनियमितता हुई है, तो संस्कृति विश्वविद्यालय तत्काल उक्त पीएच0डी0 को निरस्त कर देगा और उक्त विनिश्चय अभ्यर्थी को संसूचित करेगा।

स्पष्टीकरण: ''तात्विक अनियमितता'' का तात्पर्य कपट, साहित्यिक चोरी अथवा किसी अन्य अनाचार से उपाधि प्राप्त करने से है।

292–प्रकीर्ण –

(1) किसी भी रूप में, किसी भी चरण पर, अभ्यर्थी द्वारा अपने शोध–प्रबंध के संबंध में संयाचना पर संस्कृति विश्वविद्यालय तत्काल उसके शोध/शोध–प्रबंध को निरस्त कर देगा।

(2) कोई बात, जो इस अध्यादेश में अंतर्विष्ट नहीं है, वह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (पीएच0डी0 उपाधि प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानदण्ड और प्रक्रिया) विनियम, 2022 से शासित होगी। विश्वविद्यालय का विनिश्चय अंतिम एवं सभी पर बाध्यकारी होगा।

अध्यादेश संख्या–21

डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डी0लिट्0) से सम्बंधित अध्यादेश

डॉक्टर ऑफ लेटर्स की उपाधि विश्वविद्यालय में प्रस्तुत किए गए शोध–प्रबंध पर इस अध्यादेश में आगे अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार प्रदान की जाएगी।

293–रजिस्ट्रीकरण की पात्रता–

(1) शोधार्थी डॉक्टर ऑफ लेटर्स की उपाधि के लिए रजिस्ट्रीकरण हेतु पात्र होगा, उसने इस विश्वविद्यालय या इस विश्वविद्यालय द्वारा मान्य किसी भी विश्वविद्यालय/डीम्ड विश्वविद्यालय की डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि कम से कम पाँच वर्ष पहले प्राप्त की हो।

(2) डी0लिट0 उपाधि मूल कार्य के आधार पर प्रदान की जाएगी।

294–प्रक्रिया–

डी0लिट्0 की उपाधि हेतु रजिस्ट्रीकरण निम्नांकित प्रक्रिया के अनुसार होगाः–

(क) डी0लिट्0 उपाधि हेतु शोधार्थी को विहित परिशिष्ट–12 के अनुसार आवेदन–प्रपत्र में रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन करना होगा, जो यदि आवश्यक हो, रजिस्ट्रीकरण हेतु विहित फीस का संदाय करने पर प्राप्य होगा;

(ख) एक वर्ष में शोध सामान्य समिति की दो बैठकें हो सकेंगी;

